दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी





मानसून में साड़ी ........

अपने लुक को बनाना है क्लासी.......

वर्ष : 11 अंक : 211 लखनऊ, 18 जुलाई, शुक्रवार 2025 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

# 50 मृत नदियों को जीवित कर योगी ने किया कमाल

## उत्तर प्रदेश सरकार के अभियान से दोबारा जीवनदायिनी बनीं 50 छोटी नदियां, 3363 किमी नदियों का हुआ कायाकल्प

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ, उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण की योजनाएं अब जमीन पर असर दिखा रही हैं। नमामि गंगे कार्यक्रम और मनरेगा के तहत किए जा रहे प्रयासों से राज्य की सूखी व विलुप्तप्राय नदियों में फिर से जीवन लौटने लगा है।हम आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश में अब तक 3363 किलोमीटर लंबाई में कुल 50 नदियों का कायाकल्प किया जा चुका है, जिससे गांवों को नई ऊर्जा और किसानों को सिंचाई का बेहतर साधन मिल रहा है।

हम आपको बता दें कि योगी सरकार ने जल संरक्षण को लेकर विशेष पहल करते हुए 1011 गंगा ग्राम पंचायतों में छोटी नदियों व जलधाराओं का पुनरुद्धार कराया है।इन जलस्त्रोतों को न केवल साफ-सुथरा किया गया, बल्कि उनकी प्राकृतिक धारा को भी पुनर्जीवित किया गया।इससे इन क्षेत्रों में जल स्तर में सुधार हुआ है और आसपास के किसानों को बड़ी राहत मिली है। मनरेगा के तहत 86 अन्य कार्यों को चिह्नित कर नदियों की साफ-सफाई, गहरीकरण, तटबंध निर्माण, पौधरोपण, जलधारा पुनर्स्थापन और जलग्रहण क्षेत्र विकास जैसे कार्य किए गए जिनका व्यापक असर देखने को मिला है।

देखा जाये तो नदियों के पुनरुद्धार से सिर्फ पर्यावरण ही नहीं सुधरा बल्कि कई स्थानों पर इन जलधाराओं से जुड़े सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों का महत्व भी बढ़ा है। लोग अब इन जलस्त्रोतों को लेकर जागरूक हुए हैं और स्थानीय स्तर पर भी संरक्षण के प्रयासों में सहभागिता निभा रहे हैं।योगी सरकार की यह पहल उत्तर प्रदेश को जल संकट से उबारने, ग्रामीणों को रोजगार देने और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने की एक सशक्त व कारगर



रणनीति बनकर उभरी है।हम आपको बता दें कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने नदियों के संरक्षण और पुनर्जीवन को अपनी प्राथमिकता में रखा है। जिन छोटी-छोटी नदियों को लोग लगभग भूला चुके थे, जिन्हें नाले या गंदगी के अड्डे के रूप में देखा जाने लगा था, आज उन्हीं नदियों में फिर से स्वच्छ जलधारा बहने लगी है। यह केवल पर्यावरणीय सफलता नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रमाण है।इसका सबसे ताजा और सकारात्मक उदाहरण फिरोजाबाद जिले में देखने को मिल रहा है, जहां वर्षों बाद नदियों का पुनर्जीवन स्थानीय जनता के लिए आशा और उत्साह का कारण बन रहा है।

फिरोजाबाद के सिरसागंज, शिकोहाबाद और टूंडला क्षेत्र में बहने वाली 108 किलोमीटर लंबी सिरसा जैसी छोटी नदियां गंदगी, अतिक्रमण और जलस्त्रोतों के सूख जाने के कारण लगभग मृतप्राय हो चुकी थीं। नदियों में गंदा पानी, प्लास्टिक, सीवर ने प्राकृतिक जलधारा को खत्म कर दिया था। इससे क्षेत्र में भूजल का स्तर गिर गया, खेती के लिए पानी की भारी समस्या बनी। इसको देखते हुए योगी सरकार ने 'नमामि गंगे मिशन' और 'संचारी जलशक्ति अभियान' के तहत इन नदियों को पुनर्जीवित करने का बीड़ा उठाया। नदियों से अतिक्रमण हटाया गया। क्लीनिंग, डी-सिल्टिंग (गाद हटाना), गंदे नालों का पानी रोककर ट्रीटमेंट के बाद छोड़ा गया। अब बारिश के पानी को संग्रह कर नदी में छोड़ा जा रहा है ताकि जलधारा स्थायी बनी रहे। फिरोजाबाद के लोग दशकों से जिस नदी को मृत मान चुके थे, अब उसे बहते देखना किसी चमत्कार से कम नहीं मानते। देखा जाये तो योगी सरकार का यह अभियान सिर्फ नदियों को ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के सामाजिक, आर्थिक और पारिस्थितिक तंत्र को पुनर्जीवित करने का मॉडल बन रहा है। फिरोजाबाद से लेकर पूर्वांचल और बुंदेलखंड तक, हर नदी के पुनर्जीवन से गांव-गांव में भरोसा लौटा है कि सरकार यदि चाहे तो मरी हुई नदी में भी फिर से जीवन बह सकता है। उत्तर प्रदेश अब जल संरक्षण और नदी पुनर्जीवन का आदर्श राज्य बनता जा रहा है।

नदियों के पुनर्जीवन से होने वाले प्रभाव पर गौर करें तो आपको बता दें कि आस-पास का इलाका पहले जलस्त्रोत न रहने से बंजर बनने की कगार पर था। पुनर्जीवित नदियों से अब सिंचाई सुविधाएं बेहतर हो रही हैं। इससे कृषि उत्पादन बढ़ रहा है, खेती लागत घट रही है। साथ ही जहां नदी बहती है, वहां मत्स्य पालन, पर्यटन, औषधीय पौधों की खेती, छोटे उद्योगों के लिये नए अवसर बनते हैं। इससे ग्रामीण युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

# पूर्ववर्ती सरकारों के भ्रष्टाचार के अड्डों को खत्म करेंगे: रेखा गुप्ता

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी में पूर्ववर्ती सरकारों के समय रहे भ्रष्टाचार के सभी अड्डों को खत्म करने का बृहस्पतिवार को संकल्प लिया।उनका यह बयान उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना द्वारा पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना में कथित भ्रष्टाचार की जांच के आदेश देने के एक दिन बाद आया है।

वर्ष 2018 में शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निजी कोचिंग संस्थानों में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों को मुफ्त कोचिंग प्रदान करना था।

हालांकि, इस साल फरवरी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत



नयी सरकार बनने के बाद इस योजना को बंद कर दिया गया था। एक कार्यक्रम में जब इस मामले की जांच के लिए जारी निदेर्शों के बारे में पूछा गया तो गुप्ता ने कहा, अगर आप किसी योजना के लिए 15 करोड़ रुपये आवंटित करते हैं और फिर 150 करोड़ रुपये के बिल जमा करते हैं, तो काम कैसे चलेगा? हम पूर्ववर्ती सरकारों के मौजूद भ्रष्टाचार के अड्डों को खत्म कर देंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनता की कड़ी मेहनत की कमाई बर्बाद नहीं होगी।

| मौसम | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 42.c |
| न्यूनतम तापमान | 29.c |

| बाजार | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 82,530.74 |
| निफ्टी | 25,062.10 |

# केरल में भारी बारिश से भूस्खलन, जलभराव और नदियों का जलस्तर बढ़ा

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को अनुमान जताया कि 22 जुलाई तक केरल में भारी बारिश जारी रहेगी।इसे देखते हुए कासरगोड, कन्नूर, कोझिकोड, वायनाड और त्रिशूर के जिला कलेक्टरों ने गुरुवार को शैक्षणिक संस्थानों में अवकाश की घोषणा की है। केरल में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण कोझिकोड जिले में मामूली भूस्खलन की घटनाएं हुईं और कई घरों में पानी भर गया है, वहीं राज्य के अन्य हिस्सों में निचले इलाकों में जलभराव और विभिन्न नदियों के जलस्तर में वृद्धि देखी गई है। कासरगोड जिले में उप्पला, मंजेश्वरम, माधूर और पुथिगे समेत कई नदियों का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे स्थानीय प्रशासन ने नदियों के किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी जारी की है।इसी तरह की चेतावनियां कोझिकोड में कोरापुझा और कुट्टियाडी, कन्नूर में पेरुम्बा और वायनाड में काबनी नदियों के आसपास रहने वाले लोगों के लिए भी जारी की गई हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बृहस्पतिवार को कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि छह अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# चुनाव से पहले प्रधानमंत्री मोदी का बिहार दौरा

## सात हजार करोड़ परियोजनाओं की करेंगे शुरूआत

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, इस मानसून में भारी बारिश के बावजूद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार (18 जुलाई) को फिर से बिहार का दौरा करेंगे और चुनावी राज्य के लिए बारिश की सौगात देंगे। इस साल जनवरी के बाद से यह प्रधानमंत्री मोदी का राज्य का पाँचवाँ दौरा होगा। बिहार विधानसभा चुनाव इस साल अक्टूबर-नवंबर में होंगे। पीएमओ ने कहा कि बिहार के मोतिहारी में प्रधानमंत्री रेल, सड़क, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन,



इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों से जुड़ी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

भाजपा की बिहार इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के अनुसार, मोदी पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर के गांधी मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के एजेंडे में बिहार शीर्ष पर है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सत्ता संभालने के बाद से वह 53वीं बार राज्य का दौरा करेंगे। राज्य में 7,196 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।

जायसवाल ने कहा कि ये परियोजनाएं रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग और सड़क, ग्रामीण विकास, पशुपालन और डेरी तथा सूचना प्रौद्योगिकी सहित विविध क्षेत्रों से संबंधित हैं। उन्होंने कहा, रेलवे से संबंधित परियोजनाओं की लागत 5,398 करोड़ रुपये है, जबकि राष्ट्रीय राजमार्गों और सड़कों पर 1,173 करोड़ रुपये खर्च होंगे। डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से आईटी परियोजनाओं पर 63 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान मोदी प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के 40,000 लाभार्थियों को प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण के माध्यम से 162 करोड़ रुपये की राशि वितरित करेंगे, जबकि अन्य 12,000 लोगों को उनके नए घरों की चाबियां सौंपी जाएंगी। जायसवाल ने कहा, इसके अलावा, समारोह के दौरान 61,500 स्वयं सहायता समूहों को 400 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। मोदी को परिवार का सदस्य मानने वाला बिहार, प्रधानमंत्री का बेसब्री से इंतजार कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बैठक की तस्वीरें सोशल मीडिया मंच एक्स पर भी साझा की गई। पोस्ट में कहा गया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। मोदी के पांच देशों की यात्रा से भारत लौटने के कुछ दिनों बाद यह मुलाकात हुई। प्रधानमंत्री ने घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा की, जिसके बाद 10 जुलाई को वह स्वदेश लौट आए थे। यह बैठक संसद के मानसून सत्र से पहले हुई है। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होने वाला है।

### ओडिशा में तीन तेंदुओं की खाल बरामद, सात लोग गिरफ्तार

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, ओडिशा के मयूरभंज जिले में वन्यजीवों के अंगों का व्यापार करने के आरोप में तीन तेंदुओं की खाल जब्त की गईं और इस संबंध में एक सरकारी शिक्षक समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक वरिष्ठ वन अधिकारी ने यह जानकारी दी। सिमिलिपाल बाघ अभयारण्य (एसटीआर) के उप निदेशक सम्राट गौड़ा ने यहां संवाददाताओं को बताया कि एक गोपनीय सूचना के आधार पर एसटीआर के अधिकारियों ने उदाला थाना क्षेत्र के कुटलिंग गांव और बादसाही थाना क्षेत्र के चंदनचतुरी गांव में छापेमारी की। उन्होंने बताया कि पांच साल के तेंदुओं की दो खाल और एक साल के तेंदुए की खाल जब्त की गई।

# बिहार तक पहुंची फ्री बिजली की स्कीम

## चुनाव से पहले नीतीश का बड़ा दांव, 125 यूनिट फ्री देने का ऐलान

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

पटना, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को सभी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 125 यूनिट तक मुफ़्त बिजली देने की घोषणा की।यह घोषणा इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले की गई है। यह राज्य में इस तरह का पहला और चुनावों से पहले की गई रियायतों की श्रृंखला में नवीनतम कदम है।नीतीश ने एक्स पर लिखा कि हमलोग शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब हमने तय कर दिया है कि 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा।



सीएम ने आगे लिखा कि इससे राज्य के कुल 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा। हमने यह भी तय किया है कि अगले तीन वर्षों में इन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुटीर ज्योति योजना के तहत जो अत्यंत निर्धन परिवार होंगे उनके लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने हेतु पूरा खर्च राज्य सरकार करेगी तथा शेष के लिए भी सरकार उचित सहयोग करेगी। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को अब बिजली का 125 यूनिट तक कोई खर्च नहीं लगेगा, साथ ही साथ राज्य में अगले तीन वर्षों में एक अनुमान के अनुसार 10 हजार मेगावाट तक सौर ऊर्जा उपलब्ध हो जाएगी।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस ऐलान को लेकर कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है।इससे राज्य के कुल 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ मिलेगा...अगले तीन वर्षों में लाभ प्रदान करने के लिए छतों या आस-पास के सार्वजनिक स्थानों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कुटीर ज्योति योजना के तहत, अत्यंत गरीब परिवारों के लिए, राज्य सरकार सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का पूरा खर्च वहन करेगी, और बाकी के लिए, सरकार उचित सहायता प्रदान करेगी।

# त्रिपुरा में 40 करोड़ रुपये मूल्य की याबा की गोलियां जब्त, दो लोग गिरफ्तार

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, त्रिपुरा में बुधवार को अलग-अलग घटनाओं में 40 करोड़ रुपये मूल्य की याबा की गोलियां जब्त की गईं और इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक असम राइफल्स ने राज्य पुलिस के साथ मिलकर पश्चिम त्रिपुरा जिले के खैरपुर में एक ट्रक को रोका और तलाशी के दौरान वाहन से याबा की तीन लाख गोलियां बरामद की। याबा, को क्रेजी ड्रग भी कहा जाता है।यह एक नशीला पदार्थ है जिसमें मेथामफेटामिन और कैफीन का मिश्रण होता है, जो इसे अत्यधिक नशीला और खतरनाक बनाता है। अर्धसैनिक बल के एक अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 30 करोड़ रुपये आंकी गई है।उन्होंने बताया कि मादक पदार्थ को आगे की जांच के लिए राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) को सौंप दिया गया है। एक अन्य घटना में, पुलिस ने खोवाई जिले के मुगियाकामी में नियमित जांच के दौरान संदेह के आधार पर एक ऑटो-रिक्शा की तलाशी ली।

# तबलीगी जमात से जुड़े 70 लोगों को बड़ी राहत

## हाई कोर्ट ने खारिज किए कोविड के दौरान दर्ज सभी मामले

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को 70 भारतीय नागरिकों के खिलाफ दर्ज 16 मामलों को रद्द कर दिया, जिन पर 2020 में कोविड-19 प्रकोप के दौरान अपने घरों या मस्जिदों में तब्लीगी जमात के उपस्थित लोगों को आश्रय देने का आरोप था। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने फैसला सुनाते हुए कहा कि आरोपपत्र रद्द किए जाते हैं।र फैसले की विस्तृत प्रति का इंतजार है। दिल्ली पुलिस ने शुरू में भारतीय नागरिकों पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए थे, जिनमें आपराधिक षड्यंत्र, महामारी रोग अधिनियम, आपदा प्रबंधन अधिनियम और विदेशी अधिनियम शामिल थे। पुलिसकर्मियों ने 195 विदेशी नागरिकों के नाम भी दर्ज किए थे। ज्यादातर विदेशी नागरिकों के




खिलाफ न तो आरोपपत्र दाखिल किया गया और न ही निचली अदालत ने दोहरे खतरे के सिद्धांत के आधार पर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार किया। इन व्यक्तियों ने 2021 में दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उनका कहना था कि निषेधाज्ञा केवल धार्मिक सभाओं और समारोहों पर रोक लगाती है और इनमें केवल उपस्थित लोगों को आश्रय प्रदान किया गया है।उन्होंने आगे दावा किया था कि एफआईआर अनुचित, मनगढ़ंत और कानूनन असमर्थनीय हैं और उन्हें अनुचित और निराधार आरोपों का सामना करने के लिए मजबूर किया गया है, जो उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन है।


दिल्ली पुलिस ने याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा था कि आरोपियों ने न केवल दिल्ली सरकार द्वारा जारी निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया है, बल्कि बीमारी के प्रसार में भी योगदान दिया है।

# छत्तीसगढ़ में साढ़े छह साल में 177 सुरक्षाकर्मियों ने की आत्महत्या

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, भारतीय सेना के अलाव देश की आंतरिक और बाहरी खतरों से सुरक्षा के लिए अपनी जान का बलिदान कर देने वाली भारतीय अर्धसैनिक बल के बारे में एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आयी है।यह रिपोर्ट अपने आप में बड़े सवाल खड़े कर रही हैं।छत्तीसगढ़ विधानसभा में राज्य सरकार ने बुधवार को बताया कि पिछले साढ़े छह साल में अर्धसैनिक बलों के जवानों समेत 177 सुरक्षाकर्मियों ने आत्महत्या की है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सुरक्षाकर्मियों द्वारा आत्महत्या और उनके द्वारा की गई हत्याओं के मामलों



की जानकारी दी। शर्मा द्वारा दिए गए जवाब के अनुसार 2019 से 15 जून 2025 के बीच राज्य में 177 सुरक्षाकर्मियों ने आत्महत्या की।

जवाब के अनुसार इनमें से 26 सुरक्षाकर्मी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), पांच सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), तीन भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और एक-एक सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और त्रिपुरा राइफल्स के थे।जवाब में कहा गया है कि आत्महत्या करने वाले अन्य सुरक्षाकर्मी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, विशेष कार्य बल और होमगार्ड सहित राज्य पुलिस की विभिन्न शाखाओं से संबंधित थे।राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी के जवानों को बड़े पैमाने पर तैनात किया गया है।उपमुख्यमंत्री के जवाब के अनुसार 2019 में 25, 2020 में 38, 2021 में 24, 2022 में 31, 2023 में 22, 2024 में 29 और 15 जून तक 2025 में आठ सुरक्षाकर्मियों ने आत्महत्या की।इसमें कहा गया है कि पिछले साढ़े छह वर्ष के दौरान अर्धसैनिक बलों के जवानों सहित 18 सुरक्षाकर्मी हत्या की घटनाओं में शामिल रहे।इन घटनाओं में आपसी विवाद की कुछ घटनाएं भी शामिल हैं, जिनमें जवानों ने अपने साथियों पर गोलियां चलाईं। उपमुख्यमंत्री शर्मा, जो गृह विभाग भी संभालते हैं, ने लिखित उत्तर में बताया है कि इस तरह की घटना होने के बाद प्रत्येक प्रकरण में जांच की गई। जांच के दौरान विभागीय अधिकारियों/ कर्मचारियों तथा मृतक के परिजनों और अन्य साक्षियों का कथन लेकर समीक्षा तथा अग्रिम कार्रवाई की जाती है।उन्होंने बताया कि ऐसे प्रकरणों की जांच में पाया गया है कि अधिकारी/ कर्मचारी मुख्यतः पारिवारिक, व्यक्तिगत, शराब सेवन एवं स्वास्थ्य संबंधी कारणों और अचानक आक्रोश में आकर आत्महत्या या हत्या करते हैं। शर्मा ने अपने उत्तर में बताया है कि सभी पुलिस अधीक्षक और सैन्य अधिकारी अपने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए कई कल्याणकारी गतिविधियां चला रहे हैं।

# जानवर चराने गए युवक की पानी भरे नाले में डूब कर मौत

## मौत की खबर पाकर पहुंचे मोहनलालगंज सांसद आरके चौधरी

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में बुधवार को जानवर चराने गए एक 19 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में पानी भरे नाले में डूब कर मौत हो गई। वह मिर्गी का मरीज था। देर शाम तक वापस न लौटने पर परिजन उसे तलाशने निकले तो गांव से कुछ दूर पानी भरे नाले में उसका शव उतराता मिला। बाद में परिजन शव निकाल कर घर ले गये और गुरुवार को उसका गांव के बाहर अंतिम संस्कार कर दिया। सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा निवासी किसान महेश का 19 वर्षीय बेटा सुनील उर्फ गोलू इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर चुका था। इस समय वह घर पर ही रहता था। बुधवार को वह अपने जानवर चराने गांव से कुछ दूर खेतों की तरफ गया था। लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। तब परिजनों ने अन्य चरवाहों से जानकारी की तो पता चला कि वह खेतों के पास पानी भरे नाले के किनारे पेड़ की छांव में अकेले बैठा था। यह पता चलने पर परिजन उसे तलाशते खेतों तरफ पहुंचे तो सुनील की लाठी पेड़ के नीचे पड़ी मिली। लेकिन सुनील नहीं नजर आया। परिजनों के मुताबिक सुनील को मिर्गी का दौरा पड़ता था। इसलिए संदेह होने पर उन्होंने सामने पानी भरे नाले में उतर कर देखा तो सुनील पानी में डूबा मृत पड़ा मिला। तब उसके शव को बाहर निकाला गया। वहीं उसका शव देखकर परिवार में चीख पुकार मच गई। बाद में परिजन शव को घर उठा ले गये और गुरुवार दोपहर गांव के बाहर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। सुनील के परिवार में उसके पिता महेश के अलावा मां गुड्डी देवी और तीन विवाहित बेटियां व दो बेटे हैं। जिसमें सुनील सबसे छोटा था। मृतक के परिजनों ने सुनील को मिर्गी का दौरा पड़ने से पानी में डूब कर मौत होने का संदेह जताया है। उधर युवक की पानी में डूबने से मौत की खबर पाकर गुरुवार को मोहनलालगंज सांसद आरके चौधरी, सांसद प्रतिनिधि बचान सिंह यादव व सरोजनीनगर सपा कोषाध्यक्ष इंद्रेश यादव के साथ मृतक परिवार के घर पहुंचे और उसके अंतिम संस्कार में शामिल होकर परिजनों को सांत्वना दी। वहीं पुलिस ने ऐसी किसी घटना की जानकारी से इनकार किया है।

# नादरगंज पावर हाउस में तीन दिवसीय मेगा विद्युत बिल समाधान शिविर का किया आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की ओर से गुरुवार को सरोजनी नगर के नादरगंज पावर हाउस स्थित अधिशासी अभियंता सेस खंड प्रथम कार्यालय परिसर में तीन दिवसीय मेगा विद्युत बिल समाधान शिविर का आयोजन किया गया। अधिशासी अभियंता (प्रथम) अवनीश कुमार के नेतृत्व में आयोजित शिविर में नादरगंज, गहरू, बनी, शारदा नगर विस्तार और उतरठिया पावर हाउस से जुड़े विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी गई। इस दौरान शिविर के पहले दिन उक्त सभी पावर हाउस से जुड़े 59 उपभोक्ताओं की समस्याएं दर्ज हुई। जिसमें ज्यादातर समस्याएं विद्युत खर्च से अधिक बिल आने की थी। इसके अलावा खराब मीटर को बदलने और स्मार्ट मीटर में आ रही समस्याओं के अलावा सोलर लगवाने जैसी शिकायतें दर्ज हुई। इस दौरान नादरगंज पावर हाउस से जुड़े आजाद नगर निवासी अशोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उनका घरेलू विद्युत कनेक्शन उनकी पत्नी कंचन श्रीवास्तव के नाम है। उनके मुताबिक उनके घर में लगा स्मार्ट मीटर खराब हो गया था, जिसके बाद 19 मई 2023 को उन्होंने अपना मीटर बदलवा दिया। शिकायत की कि पहले वाले मीटर के दौरान उनके मोबाइल पर हर महीने विद्युत बिल का मैसेज आ जाता था। लेकिन जब से मीटर बदला गया, तब से मोबाइल पर विद्युत बिल का मैसेज नहीं आता। जिससे भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि न मोबाइल पर बिल का मैसेज आता है और ना ही कोई मीटर रीडर बिल निकालने आता है। जिससे हर माह मीटर की वीडियो ग्राफी करके पावर हाउस जाना पड़ता है, तब बिल निकलवाकर उसका भुगतान हो पता है। उन्होंने बताया कि जरा सी चूक होने पर 2 महीने का बिल एक साथ जमा करना पड़ता है, जो बजट से अधिक हो जाने से बड़ी समस्या खड़ी हो जाती है। अशोक ने बताया कि इस बारे में वह अब तक तमाम बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन किसी ने अब तक उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दिया। फिलहाल मौके पर मौजूद अधिकारियों ने उनकी समस्या को दो-तीन दिन के भीतर दूर करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान दर्ज हुई 59 शिकायतों में से 21 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। वहीं मुख्य अभियंता (सिस गोमती) रजत जुनेजा, अधीक्षण अभियंता भविष्य कुमार सक्सेना व नोडल अधिकारी राजीव मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर शिविर का जायजा लिया। शिविर में अधिशासी अभियंता अवनीश कुमार के अलावा नादरगंज एसडीओ आरसी यादव, गहरू एसडीओ आफताब आलम, बिजनौर एसडीओ योगेंद्र कुमार और उतरठिया एसडीओ शशांक गुप्ता सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मोहनलालगंज कस्बे के गोसाईगंज मार्ग पर जाम से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**अमन लेखनी समाचार**



मोहनलालगंज । मोहनलालगंज कस्बे की गोसाईगंज मार्ग पर अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम की समस्या लंबे समय से स्थानीय लोगों के लिए सिरदर्द बनी हुई थी फुटपाथों पर अवैध दुकानें ई-रिक्शा की मनमानी पार्किंग और सड़क पर लगे ठेले सब मिलकर एक अराजक स्थिति पैदा कर रहे थे स्थानीय पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर यह सब होता रहा, लेकिन सोशल मीडिया पर संबंधित वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया एसीपी रजनीश वर्मा थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह के निर्देश पर चौकी प्रभारी बीर बहादुर दुबे ने गोसाईगंज मार्ग पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दी सख्त हिदायत उन्होंने नाई फूल फल, पान मसाला की दुकानें लगाने वाले पटरी दुकानदारों और ऑटो चालकों को चेतावनी दी अब से कोई भी व्यक्ति सड़क पर ठेले या दुकानें नहीं लगाएगा अतिक्रमण की स्थिति दोबारा पाई गई तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी स्थानीय लोगों ने प्रशासन की कार्रवाई का स्वागत किया लोगों का कहना है कि यदि नियमित निगरानी और कड़ाई बरती जाए तभी मोहनलालगंज की सड़कें जाम से मुक्त हो सकेंगी।

# साइबर ठगों ने रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से एक लाख रुपये की ठगी

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ साइबर ठगों ने रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर लगभग एक लाख रुपये की ठगी कर ली। खुद के साथ ठगी होने की भनक लगने पर पीड़ित ने बंथरा थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूल रूप से बस्ती जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत बरसाँव मेलखा और वर्तमान में बंथरा के शराय शहजादी में किराए पर रहने वाले पवन कुमार उपाध्याय के मुताबिक 25 जून को अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल नंबर 7610772201 से कॉल कर रेलवे में नौकरी दिलाने की बात कही। इस दौरान उसने पहले आईडी बनाने के नाम पर 1,150 रुपये की मांग की। इसके बाद उसके एक अन्य साथी ने 8607379848 से कॉल कर यूनिफॉर्म के नाम पर 7,200 रुपये पवन से ट्रांसफर करवा लिए। इतना ही नहीं पीड़ित का कहना है कि ठगों ने ॠरळ, अन्य चार्ज और रसीद के नाम पर कुल 10 बार में 99,927 रुपये उससे ट्रांसफर करवा लिए। पीड़ित पवन के मुताबिक उसने ने सारा पैसा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की जुनाबगंज शाखा के अपने खाते से उनके बताए खाते में भेज दिया। पवन का कहना है कि रुपए भेजे गए खाते में 'रीना बीबी' नाम दिखाई दे रहा था। पीड़ित का कहना है कि जब लगातार पैसों की डिमाण्ड बढ़ती गई, तब उसे खुद के साथ ठगी होने का एहसास हुआ। इसके बाद उसने साइबर सेल में शिकायत करने के साथ बंथरा थाने में मामले की तहरीर दी। फिलहाल बंथरा पुलिस ने मामला दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

# जनशक्ति सम्मान समारोह में सम्मानित हुए पत्रकार और समाजसेवी

**अमन लेखनी समाचार**



मोहनलालगंज। राजधानी लखनऊ के होटल सेलीस्टियल मनोर ओमेक्स हजरतगंज में आयोजित जनशक्ति सम्मान समारोह में 111 समाजसेवियों और 15 पत्रकारों को सम्मानित किया गया। यह आयोजन मां गायत्री जन सेवासंस्था के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि संस्थान और नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा किया गया थामुख्य अतिथि के रूप में बृजेश पाठक, उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश और दिनेश प्रताप सिंह, मंत्री उद्यान स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश शामिल थे विशिष्ट अतिथि में ओपी श्रीवास्तव विधायक, अपर्णा यादव उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, नम्रता पाठक वरिष्ठ समाजसेविका और वरिष्ठ आईपीएस एडीजी डीके ठाकुर और एडीजी नीलाब्जा चौधरी डॉ राजकुमार सिंह चौहान शामिल थे।वहीं इस कार्यक्रम में पत्रकारिता के क्षेत्र में भारत सिंह, अतुल मोहन सिंह अतुल गंगवार पंकज तिवारी नागेंद्र बहादुर सिंह मोहम्मद नासिर संजय तिवारी अमित कश्यप अरुण सिंह और अन्य को सम्मानित किया गया समाजसेवा के क्षेत्र में एस के प्रसाद अनुराग मिश्रा शास्त्री, प्रीति श्रीवास्तव और अन्य को सम्मानित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संरक्षक और इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन मुकेश बहादुर सिंह ने की कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्रवक्ता प्रदीप शुक्ला ने किया मां गायत्री जन सेवा संस्थान और नीशू वेलफेयर फाउंडेशन ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया, जो निरंतर सामाजिक कार्य में लगे हुए हैं टीम एजी फैमिली सदस्यों ने बताया कि इस तरह के आयोजन प्रतिवर्ष होते रहेंगे।

# मीटर रीडरों की हड़ताल, वेतन न बढ़ने से नाराज, काम ठप

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। उपकेंद्र पर बृहस्पतिवार को विद्युत विभाग के मीटर रीडरों ने हड़ताल कर विरोध प्रदर्शन किया। वेतन न बढ़ाए जाने के कारण उपकेंद्र पर हड़ताल जारी। मलिहाबाद के अमानीगंज उपकेन्द्र पर मलिहाबाद सर्किल के मीटररीडरों ने वेतन न बढ़ाए जाने के कारण व कुछ लोगों को दो माह से वेतन नहीं मिलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दो माह से वेतन नहीं मिला है, ऐसे में मीटर रीडर को अपने परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल हो रहा है। अगर वेतन नहीं बढ़ाया गया तो मीटर रीडर कार्य नहीं करेंगे जिसको लेकर शाम तक मीटर रीडर अपना विरोध जताते रहे। शाम को मौके पर पहुंचे मेसर्स इन्वेंटिव सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड जोनल विशाल पांडेय, सर्किल इंचार्ज मनोज, कलेक्टर चंद्रशेखर देव, सुपरवाइजर अमरेश कुमार, जावेद अब्बास ने मीटर रीडरों से काफी देर तक वार्ता कर उनको फिर से काम पर लौटने की बात कही। लेकिन मीटर रीडर अपनी बात पर अड़े रहे। मीटर रीडर धर्मेश कुमार, राम लखन, रज्जन लाल, राजकुमार, सूरज, गोपाल दीक्षित, सनी गौतम, मनीष कुमार, रोहित यादव, वीरेंद्र मौर्य समेत तीन दर्जन से अधिक मीटर रीडर मौजूद रहे। सभी एक राय होकर संस्था के कर्मियों से मानदेय बढ़ाने व समय पर वेतन भेजने की मांग करते रहे। जिसको लेकर कलेक्टर चंद्रशेखर देव ने कहा की दो दिनों में मीटर रीडरों की समस्या का निराकरण किया जाएगा। आप लोग फिर से काम पर लौट आए।जिसको लेकर मीटर रीडर जिद पर आड़े रहे एक राय होकर कहा कि समस्या के निदान के बाद ही काम पर वापस लौटेंगे।

# सड़क हादसे में ई रिक्शा ऑटो पलटने से चालक की मौत, एक घायल

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। बाजार से सब्जी लेकर वापस लौट रहे ई रिक्शा ऑटो सामने से आ रहे वाहन को बचाने के प्रयास में ई रिक्शा ऑटो अनियंत्रित होकर पलटा चालक की मौत सवार घायल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मनकौटी निवासी रामू (45) बुधवार शाम करीब सात बजे भतोइया में लगने वाली साप्ताहिक बाजार से सब्जी लेकर उसी गांव निवासी शमशाद के साथ वापस अपने घर लौट रहे थे। तभी भतोइया दिलावर नगर मार्ग पर मनकौटी और भतोइया गांव के बीच सामने से आ रहे तेज रफ्तार एक वाहन को बचाने के प्रयास में सड़क किनारे बने नलकूप के हौज में ई रिक्शा ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर टकरा कर पलट गया। जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों ने इलाज के लिए निजी अस्पताल में पहुंचाया जहां इलाज के बाद परिजन उसे घर लेकर आ गए। जहां अगले दिन बृहस्पतिवार सुबह उसकी घर पर ही मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक के परिवार में पत्नी विजय कुमारी है, जिसका रो-रो कर बुरा हाल है।

# निगोहां उपकेंद्र के पचासों गांवों में घंटों बाधित रही बिजली आपूर्ति

**अमन लेखनी समाचार**



पेड़ गिरने और पोल धराशायी होने से कई फीडर ब्रेकडाउन, लेसा टीम ने रातभर किया प्रयास......

मोहनलालगंज। बुधवार को हुई तेज हवाओं और रुक-रुक कर दिनभर चलती रही बारिश ने निगोहां क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति को बुरी तरह प्रभावित कर दिया वही देर शाम आई तेज आंधी और बारिश से निगोहा विद्युत उपकेंद्र के कई फीडरों में तकनीकी खराबी आ गई जिससे पचासों गांवों की बिजली आपूर्ति घंटों तक ठप रही सबसे अधिक प्रभावित निगोहां फीडर और रघुनाथ खेड़ा फीडर रहे निगोहा कस्बे से गांवों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर एक बिजली का पोल तेज हवा के झोंकों से धराशायी हो गया इसके साथ ही कई स्थानों पर पेड़ की टहनियां टूटकर हाई वोल्टेज एबीसी लाइनों पर गिर पड़ीं जिससे 11 हजार वोल्ट की लाइनें ब्रेकडाउन हो गईं विशेष रूप से रघुनाथ खेड़ा फीडर के तहत आने वाले गांव दयालपुर रघुनाथ खेड़ा मदारी खेड़ा हरिकुंवर खेड़ा राती अहिनिवार बरवलिया और बेनीगंज में बुधवार रात लगभग छह घंटे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित रही स्थिति को देखते हुए अवर अभियंता विजय शर्मा ने तुरंत एक्शन लिया और लेसा टीम के साथ रातभर फील्ड में डटे रहे प्रभावित लाइनों की पेट्रोलिंग कराई और मरम्मत कार्य को अंजाम दिलवाया जिसके बाद देर रात रघुनाथ खेड़ा फीडर की बिजली आपूर्ति सामान्य हो सकी गुरुवार को भी लेसा के कर्मचारी दिनभर क्षेत्र में टूटे तारों क्षतिग्रस्त पोल और ब्रेकडाउन लाइनों की पेट्रोलिंग और मरम्मत में जुटे रहे कई स्थानों पर भारी बारिश के कारण कीचड़ और फिसलन से मरम्मत कार्य में कठिनाई भी आई बावजूद इसके टीम ने लगातार प्रयास कर आपूर्ति बहाल करने का कार्य जारी रखा स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि इतनी खराब मौसम के बावजूद जिस तरह से लेसा की टीम सक्रिय रही, वह सराहनीय है हालांकि लोगों ने यह भी मांग की कि क्षेत्र में जर्जर हो चुके पोलों और पुरानी लाइनों को समय रहते बदला जाए ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# ट्रांसफार्मर में गड़बड़ी आने से तो कहीं तारों पर पेड़ की डाल गिरने से , कई जगह की विद्युत सप्लाई रही ठप

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। शारदा नगर पावर हाउस के चंद्रावल फीडर विद्युत लाइन में गुरुवार को तेज हवा के कारण कहीं ट्रांसफार्मर में गड़बड़ी आने से तो कहीं तारों पर पेड़ की डाल गिरने से पूरे फीडर की विद्युत सप्लाई दोपहर 11 बजे ठप हो गई। इसको लेकर उपभोक्ताओं ने संबंधित एसडीओ व जेई सहित पावर हाउस पर शिकायत करने के लिए कई बार फोन किया। लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया। फिलहाल देर शाम तक फीडर से जुड़े एक दर्जन से अधिक गांवों की विद्युत सप्लाई चालू नहीं हो सकी थी। बताते हैं कि शारदा नगर पावर हाउस के चंद्रावल गांव में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर में गुरुवार दोपहर करीब 11 बजे अचानक तकनीकी गड़बड़ी आ गई। जिससे चंद्रावल गांव की पूरी विद्युत सप्लाई ठप हो गई। इसके अलावा तेज हवा के कारण नटकुर गाँव सहित कई अन्य जगहों पर विद्युत तारों पर पेड़ की डालें टूट कर गिर गई। हालाकि बिजनौर एसडीओ का कहना है कि कई जगह फाल्ट आ जाने की वजह से ऐसा हुआ है। लेकिन विद्युत कर्मी उसे ठीक करने में जुटे हुए हैं। जल्द ही विद्युत सप्लाई बहाल कर दी जाएगी। उधर बंथरा के बनी पावर हाउस के हरौनी फीडर की विद्युत लाइन में जगह-जगह तारों पर पेड़ की डाल गिरने से इस विद्युत लाइन की विद्युत सप्लाई दोपहर 2 बजे ठप हो गई, जो देर शाम तक नहीं बहाल हो सकी। इसकी वजह से फीडर से जुड़े लतीफ नगर, रहीम नगर, गोड़वा व भटगाँव पांडे सहित कई अन्य गांवों की सप्लाई पूरी तरह ठप रही। बिजली गुल होने से उपभोक्ताओं को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता, बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर से बीते दिनों एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ित परिजनों ने कॉलोनी के ही एक युवक के ऊपर उसे बहला फुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला के मुताबिक उसकी 17 वर्षीय बेटी 12 जुलाई को रात करीब 12 बजे घर से अचानक कहीं लापता हो गई। जानकारी होने के बाद परिजनों ने आसपास परिचितों और रिश्तेदारों के यहां उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। पीड़िता का कहना है कि बाद में पता चला कि उसके पड़ोस का ही रहने वाला अभिषेक पुत्र राजू अपने एक अन्य साथी के साथ उसे कहीं भगा ले गया है। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# सुहाग के लिए भगवान हुई निगोहां पुलिस

**मिसाल बनी निगोहां पुलिस, युवक की बचाई जान**

**पेड़ से फांसी लगाने जा रहे युवक को समय रहते पुलिस ने उतारा, ग्रामीणों ने जताया आभार......**

**अमन लेखनी समाचार/सौरभ सिंह**



मोहनलालगंज। पत्नी से नाराज होकर युवक ने पेड़ से फांसी लगाने की कोशिश मौके पर समय रहते पहुंची पुलिस ने बचाई युवक की जान घटना गुरुवार शाम निगोहां थाना क्षेत्र के उतरावां का मजरा गौस नगर में एक युवक द्वारा नशे की हालत में आत्महत्या का प्रयास किया गया सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए युवक की जान बचाईघटनाक्रम निगोहां थाना क्षेत्र के गौस नगर निवासी 28 वर्षीय प्रीति पुत्री सहदेव का विवाह नितिन पुत्र स्वर्गीय रामप्रसाद निवासी दाऊदपुर थाना मोहनलालगंज से हुआ था पति नशे का आदी है और नशा करके आए मारपीट करता है व अशोभनीय भाषा का प्रयोग करता है बीते मंगलवार को रात्रि करीब आठ बजे नितिन ने नशे की हालत में घर पहुंचकर खाना खाने को लेकर प्रीति के साथ मारपीट की इसके बाद प्रीति ने अपने मायके वालों को सूचना दी जिस पर उसके पिता मौके पर पहुंचकर मायके वापस ले आए वही गुरुवार की शाम नितिन एक बार फिर नशे में धुत होकर प्रीति के मायके पहुंचा और वहां भी परिजनों के सामने गाली-गलौज व मारपीट शुरू कर दी विवाद बढ़ने पर वह घर के पास ही एक पेड़ पर रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या की धमकी देने लगा और फांसी लगाने का प्रयास किया तभी लाचार पत्नी प्रीति के परिजनों ने तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी सूचना मिलते ही निगोहां थाना पुलिस के सिपाही विपिन कुमार और राज करण मौके पर पहुंचे और पेड़ पर लटकते नितिन को समय रहते फंदे से उतारकर उसकी जान बचा ली कुछही देर में 112 की टीम भी मौके पर पहुंच गई पुलिस ने युवक को तत्काल थाने ले जाकर उचित कार्रवाई शुरू की।थाना प्रभारी निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मामला संज्ञान में लिया गया है और विधिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जा रही है इस घटना के बाद गांव में पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता की जमकर सराहना हो रही है ग्रामीणों व परिजनों ने भी पुलिस का आभार जताया।

# राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के तहत दोनों पक्ष आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने को हुए तैयार

**अमन लेखनी समाचार**




महोबा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के तत्वावधान में सम्पूर्ण राष्ट्र में 1 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान मे विभिन्न प्रकृति जैसे वैवाहिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, घरेलू हिंसा के मामले, चैक बाउन्स के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, ऋण वसूली के मामले, सम्पत्ति के बंटवारें से सम्बन्धित मामले, बेदखली से सम्बन्धित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले एवं अन्य उपयुक्त दीवानी मामलों को मध्यस्थता हेतु सन्दर्भित कर निस्तारण कराया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत आज एक पारिवारिक वाद में पत्नी रजनी उर्फ हृदेश तथा पति राजेश कुमार के बीच सुलह करायी गयी। इस प्रकरण में मीडिएटर राकेश कुमार पटैरिया के प्रयास से दोनों पक्षों के बीच सुलह हुई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा बताया गया कि दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति तथा शान्ति से जीवन व्यतीत करने का आश्वासन दिया गया है। दोनों पक्ष आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने को तैयार हुए तथा आगे भविष्य में खुशहाल जीवन व्यतीत करने का भरोसा दिलाया। तेन्द्र पाल अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि उक्त मध्यस्थता अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण कराना है। साथ ही यह भी बताया कि 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के अन्तर्गत मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में सुलह योग्य लम्बित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में मध्यस्थता केन्द्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संदर्भित कराते हुए सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराये। आमजन से अपेक्षा की जाती है कि उपरोक्त राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के अन्तर्गत न्यायालयों में सुलह योग्य लम्बित प्रकरणों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराने हेतु अधिकाधिक संख्या मे मध्यस्थता केन्द्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में वाद संदर्भित कराते हुये इस अभियान का लाभ उठाये।

## संक्षेप

### दिल्ली से वापस घर आ रहा युवक हुआ जहर खुरानी का शिकार

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करक जीवन यापन करने वाला युवक अपने घर वापस आते समय जहरखुरानो का शिकार हो गया। बांगरमऊ क्षेत्रक के गांव सह सराय निवासी हबीब का पुत्र अतीक दिल्ली में रहकर काम करता था। बुधवार को अतीक बस से घर आ रहा था। रास्ते में किसी ने नशीला पदार्थ खिला दिया जिससे वह बेहोश हो गया और उसके पास से दो पंखे, फोन, नकदी आदि उड़ा ले गए। बस कंडक्टर ने गुरुवार को उसे काली मिट्टी पर उतार दिया जिसे आस पास के लोगों ने सी एच सी में भर्ती कराया।

### छत से नीचे गिरे युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। छत पर सो रहा युवक देर रात लघु शंका करने को उठा और उसका संतुलन बिगड़ गया युवक छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया परिजन उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया कोतवाली क्षेत्र के अहमदाबाद माथर निवासी सुशील 46 वर्ष पुत्र गज्जा बीती 8 जुलाई की रात खाना पीना खाकर सोने के लिए छत पर चला गया देर से वो लघु शंका के लिए उठा और उसका संतुलन बिगड़ गया वो छत से नीचे रोड पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया परिजनो उसे लखनऊ में न्यू अवध हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां पर उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई मृतक खेती किसानी कर अपना व अपने परिवार को पालता था युवक की मौत से पत्नी माधुरी पुत्री बीना 22 वर्ष पुत्र आदेश 19 वर्ष व अमन 16 वर्ष का रो रहा कर बुरा हाल बना हुआ है प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण तिवारी ने बताया सूचना मिली थी शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन ने किया पौधारोपण

कासगंज। सिढ़पुरा कस्बा के क्रि पब्लिक स्कूल में सामाजिक सेवा संस्थान गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन टीम ने पौधारोपण किया। इस दौरान गुड़हल, जामुन, नीम, नींबू समेत विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस दौरान स्कूल चेयरमैन विशाल बाबू गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पेड़ पौधे लगाना जरूरी है। प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम पांच पौधे लगाना चाहिए, पौधे लगाने के बाद उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। इस दौरान एसआई राकेश कुमार, निजाम अहमद, डब्बू, फरीद बाबा, सत्यवीर, दुलार सिंह, अजेंद्र कुमार, नाजिम बरकाती, सलीम खान, जुनैद बरकाती, अली हैदर, अमान अंसारी, बरकत बरकाती समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा, गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए जाने के कार्यदाई संस्थाओं को दिया निर्देश

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद उन्नाव के निर्माण कार्य के अंतर्गत रेड कैटेगरी यलो कैटेगरी ग्रीन कैटेगरी के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपद के निर्माण कार्य के अंतर्गत शहीद गुलाब सिंह लोधी पुलिस प्रशिक्षण केंद्र, चंद्रिका देवी मंदिर में घाटों का निर्माण, अमृत कार्यक्रम के अंतर्गत वितरण प्रणाली एवं हाउस कनेक्शन, बीघापुर थाना में हॉस्टल बैरक विवेचना कक्ष के निर्माण कार्य, उपभोक्ता फोरम एवं मेडिएशन सेंटर सहित अन्य जनपद के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर भौतिक प्रगति एवं हैंडोवर,रिपोर्ट की जानकारी लेकर कार्यदायी संस्थाओं को प्राथमिकता से गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराकर कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिया। कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गई हैं उनकी हैंडोवर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिन परियोजनाओं के पूर्ण करने में छोटी छोटी कमियां है उसको पूर्ण करा कर हैंडोवर कराया जाए। कहा कि परियोजनाओं की भौतिक प्रगति सुधारी जाए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि शासन सम्बन्धी को दिक्कत आ रही है तो शासन को पत्र लिखकर उसको दूर कराएं। कहा जो परियोजनाएं धन के अभाव में अधूरी है पत्राचार के माध्यम से धनराशि की मांग कर कार्य प्रारम्भ कराया जाए। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि परियोजनाओं में मानकों का पूरा ध्यान रखा जाए। पर्यटन विकास संबंधी जो कार्य चल रहे हैं उन परियोजनाओं में दिव्यांग और बृद्ध जनों के सुगम आवागमन के लिए ध्यान रखकर रैंप और रेलिंग अवश्य बनाया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि परियोजओं को पूर्ण करने के लिए जो निर्धारित समय दिया गया है उस निर्धारित समय में ही परियोजना पूर्ण हो और मानकों का पूरा ध्यान रखा जाए। कहा की परियोजनाओं के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। कहा गुणवत्ता से लापरवाही की गई तो कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक के अवसर पर चित्रा दुबे जिला अर्थ एवं सरकारी अधिकारी मुख्य पशु चिकित्सा डॉक्टर महावीर जिला पर्यटन अधिकारी सन्तोष कुमार प्रधानाचार्य राजकीय आई टी आई सहित अन्य संबंधित अधिकारी और परियोजनाओं के कार्य दाई संस्थाओं के प्रभारी और प्रतिनिधि मौजूद रहे।


## जनपद के मुख्यालय पर बने रेलवे स्टेशन पर अब रुकेगी स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। विकास और गौरव में एक नया अध्याय जुड़ गया है। अब राजधानी लखनऊ और देश की राजधानी नई दिल्ली के बीच चलने वाली सुपरफास्ट ट्रेन स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12003/12004) का ठहराव उन्नाव जंक्शन पर स्वीकृत कर दिया गया है। यह ऐतिहासिक निर्णय केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्नाव के सांसद डॉ. साक्षी महाराज के अनुरोध पर लिया है। सांसद द्वारा 20 दिसंबर 2023 को भेजे गए पत्र पर संज्ञान लेते हुए, मंत्री ने 16 जुलाई 2025 को स्वीकृति पत्र जारी किया। ठहराव का समयः उन्नाव से दिल्ली जाने वाली ट्रेन (12003) 04:29 बजे एक मिनट का ठहराव। शाम दिल्ली से लखनऊ आने वाली ट्रेन (12004) पूर्वाह्न 11:50 बजे एक मिनट का ठहराव। क्या होगा असरः यह ठहराव उन्नाव की जनता की वर्षों पुरानी मांग की पूर्ति है। यात्रियों को अब सीधे दिल्ली और लखनऊ जैसे बड़े शहरों तक तेज, सुगम यात्रा की सुविधा मिलेगी। अर्थव्यवस्था, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में आसानी होगी। इससे जिले की औद्योगिक और सामाजिक गतिविधियों को भी नया बल मिलेगा। डॉ. साक्षी महाराज ने इस विषय को बार-बार केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से उठाया और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। यह उपलब्धि उनकी जनप्रतिबद्धता और निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

## नहर में पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के ललऊ खेड़ा चौकी के पास नहर में एक अज्ञात युवक का शव मिला। स्थानीय लोगों ने नहर में तैरते शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही ललऊ खेड़ा पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बंबा की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया। शव की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया है। सदर कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह के अनुसार मामले की गहन जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लापता व्यक्तियों की जानकारी जुटा रही है। मृतक की पहचान होने के बाद ही मौत के कारणों का पता लग सकेगा।

## पत्नी समेत 6 लोगों पर दर्ज हुआ हत्या का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। लोकनगर मोहल्ले में एक 28 वर्षीय युवक महेश का शव उसके घर में फंदे से लटका मिला था मृतक की मां की शिकायत पर पुलिस ने पत्नी सुंदरी समेत छह लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। घटना मंगलवार शाम की है। पुलिस जांच में पता चला कि महेश का अपनी पत्नी सुंदरी और उसके मायके पक्ष से विवाद चल रहा था। इस मामले में सोमवार को महिला थाने में दोनों पक्षों की सुनवाई हुई थी। सुनवाई के दौरान सुंदरी के पिता ने महेश से एक लाख रुपये की मांग की थी। मृतक के पिता रमेश ने महिला थाना पुलिस पर बेटे की पिटाई करने और बीस हजार रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। हालांकि, उन्होंने यह आरोप लिखित शिकायत में नहीं दिए। पुलिस ने मृतक की मां किरन की शिकायत पर पत्नी सुंदरी, ससुर सविता, साले अजय व विजय, साढ़ू रामकुमार और चाची माधुरी के खिलाफ केस दर्ज किया है। इंस्पेक्टर अवनीश सिंह के अनुसार, पत्नी सुंदरी को गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। उनका कहना है कि महेश लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था, जिससे परेशान होकर उसने यह कदम उठाया या उसकी हत्या कर दी गई। हालांकि, इस मामले में आत्महत्या और हत्या दोनों पहलुओं की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच रिपोर्ट के आधार पर ही स्थिति स्पष्ट होगी।

## झमाझम बरस रहे बदरा उमस व गर्मी से मिली राहत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गुरुवार सुबह हुई बारिश ने लोगों को गर्मी और उमस से राहत दी। मौसम विभाग के अनुसार, जिले में लगभग 12 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। बारिश के बाद अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले दिनों तापमान 32 से 34 डिग्री तक पहुंच गया था। बारिश का सबसे अधिक प्रभाव शुक्लागंज, गंगाघाट, सफीपुर और अजगैन क्षेत्र में देखा गया। इन क्षेत्रों में सुबह करीब आधे घंटे तक तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले दो-तीन दिनों में और बारिश की संभावना जताई है। बारिश से जहां किसानों को धान की रोपाई में मदद मिलेगी, वहीं शहर में कई समस्याएं सामने आईं। सुबह के समय स्कूल और दफ्तर जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर की गलियों में जलभराव से यातायात प्रभावित हुआ। जलकल विभाग और नगर पालिका द्वारा नालियों की सफाई न किए जाने से स्थिति और बिगड़ गई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बरसात से पहले जलनिकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई। इस कारण मामूली बारिश में भी सड़कों पर पानी भर जाता है।

## विद्युत करंट लगने से अधेड़ की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के गजियापुर गांव में 58 वर्षीय रामपाल की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक गांव में ही एक छोटी परचून की दुकान चलाते थे। हादसे के बाद गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार, गजियापुर निवासी रामपाल (पुत्र स्व. भगवती प्रसाद) रोज की तरह अपनी दुकान पर बैठे हुए थे। इसी दौरान दुकान के पास गुजर रही एक केबल में तकनीकी खराबी के चलते करंट उतर आया। बताया जा रहा है कि केबल से निकली करंट की चपेट में रामपाल अचानक आ गए और जोरदार झटका लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

घटना के समय आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन रामपाल को अस्पताल ले जाने की तैयारी में थे, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं।

मृतक रामपाल के दो बेटे हैं—बड़ा बेटा श्याम सुंदर और छोटा बेटा रामबाबू। दोनों बेटे अपने पिता की इस असामयिक मौत से स्तब्ध हैं। रामपाल गांव में मेहनत-मजदूरी कर जीवनयापन करते थे और परचून की दुकान ही उनकी आय का मुख्य साधन थी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच की। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में करंट लगना ही मौत का कारण प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में कई जगहों पर बिजली के जर्जर तार लटकते रहते हैं, जिनकी समय पर मरम्मत नहीं हो पाती। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से इस लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। गांव में रामपाल की मौत के बाद शोक की लहर दौड़ गई है। परिजन बार-बार बेसुध हो जा रहे हैं। ग्रामीणों और रिश्तेदारों ने परिवार को ढांढस बंधाया और प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

## अनियंत्रित डंपर ने कार में मारी टक्कर, दो घायल

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर क्षेत के ऊंचगांव निवासी भाष्कर दीक्षित अपने चौपहिया वाहन से बेटे को ऊंचगांव विद्यालय छोड़ कर वापस घर जा रहे थे तभी भगवंतनगर की तरफ से बक्सर जा रहे अनियंत्रित डम्फर ने चौपहिया वाहन में टक्कर मारकर ऊंचगांव चौराहा पर स्थित शैलेन्द्र गारमेंट्स की दूकान में टक्कर मार दिया। चौपहिया वाहन चालक भाष्कर दीक्षित को परिजन निजी साधन से इलाज के लिए कानपुर ले गए वही डम्फर चालक को भी पुलिस ने एम्बुलेंस से बीघापुर अस्पताल भेजा। लगभग 45 मिनट जाम लग जाने से आवागमन बाधित रहा। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र नाथ मिश्रा ने क्रेन से डम्फर हटवाकर जाम खुलवाया व आवागमन चालू कराया गया।

## 27 जुलाई को 5 परीक्षा केंद्रों में संपन्न कराई जाएगी आरओ व एआरओ की परीक्षा

अमन लेखनी समाचार



महोबा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश की अध्यक्षता में आरओ व एआरओ परीक्षा सकुशल संपन्न कराने हेतु केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिले के 5 परीक्षा केंद्रों में आरओ व एआरओ की परीक्षा आगामी 27 जुलाई को संपन्न कराई जाएगी। जिसमें 2120 अभ्यर्थी भाग लेंगे। बैठक में परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जिले में आगामी 27 जुलाई को आरओ व एआरओ की परीक्षा सुबह 9.30 बजे से 12.30 के बीच संपन्न कराई जाएगी। मुख्यालय के वीर भूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्लॉक ए, वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्लॉक बी, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं राजकीय पॉलिटेक्निक को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा के दौरान कोई भी परीक्षार्थी टाई, बेल्ट, आभूषण या इलेक्ट्रॉनिक घड़ी पहनकर केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं कर सकेगा। सघन चेकिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को एंट्री दी जाएगी। परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराई जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित आधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी आयोग द्वारा दिए गए निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, डिप्टी कलेक्टर राजकुमार, डिप्टी कलेक्टर सल्तनत परवीन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## छाए रहे बादल, दिनभर चला रिमझिम बारिश का सिलसिला

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। बृहस्पतिवार को भी रुक-रुक कर बारिश होती रही। पूरे दिन बादलों ने डेरा जमाए रखा। बारिश के चलते जन-जीवन अस्त-व्यस्त रहा। लोग घरों में कैद रहे। मौसम खुशगवार बना रहा। तापमान में गिरावट के चलते उमस ल भरी गर्मी से जनमानस को राहत मिली। परंतु ग्रामीण अंचल में जगह-जगह जलजमाव से राहगीरों की समस्या हुई। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र में बृहस्पतिवार को सुबह से ही बादल छाए रहे वह हवा के साथ रिमझिम बरसात दिन भर हवा के साथ बरसात होती रही जहां एक तरफ धान की फसल की रोपाई का कार्य चल रहा है उसमें किसानों को वह लगाया जा रहे किसानों के द्वारा पौधों को यह पानी बहुत ही उपयोगी साबित हो रहा है वही उसके साथ ही किसानों के द्वारा ऊंचाई वाले इलाकों में बोए गए उड़द अरहर मक्का आदि फसलों के लिए भी बहुत ही फायदेमंद है लगातार कई दिनों से धूप के चलते मास भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली तेज हवा के कारण विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित रही इधर वर्षा के कारण जलजमाव की दिक्कत बनी रही। ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर सड़कों के बीच पानी भर जाने से राहगीरों का आवागमन कठिन बना रहा।

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर अज्ञात वाहन ने पिकअप में मारी टक्कर, दो की मौत



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक सड़क हादसा हुआ। एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 250 के पास एक अज्ञात भारी वाहन ने पिकअप को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पिकअप वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे मेंपिकअप में सवार दोनों लोग केबिन में फंस गए। पुलिस और यूपीडा की टीम ने गैस कटर से पिकअप को काटकर शवों को बाहर निकाला। मृतकों की पहचान अयोध्या जनपद के चंदौरा गांव निवासी पिकअप चालक बेचूलाल (45) और रुदौली के अरिहार गांव निवासी रमेश कुमार (40) के रूप में हुई है। दोनों लखनऊ से आगरा की ओर जा रहे थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। दोनों मृतक अपने-अपने परिवारों के मुख्य सहारा थे। टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार हो गया। पुलिस जांच कर रही है।

## चरखारी की लगन लक्षकार ने ओलम्पकि जूडो में भारत का परचम लहराकर जीता कांस्य पदक

अमन लेखनी समाचार




महोबा। चरखारी की लगन लाक्षाकार ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित करते हुए एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है जिसमें उन्होंने ओलम्पिक जूडो में कांस्य पदक जीतते हुए चीन में देश का परचम लहराया है। उनकी इस कामयाबी पर कस्बा सहित पूरे जिले के हर खास और आम ने उन्हें बधाई दी है। जूडो के प्रति लगन और पदक हासिल करना लक्ष्य बनाकर स्कूलह्ल जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करते हुए अन्तर्राष्टीय स्तर पर ताइवान में आयोजित ताईपी कैडेड एण्ड जूनियर एशियन कप 2025 में 57 केजी वेट कैटेगरी में चरखारी की लगन से लक्ष्य को प्राप्त करते हुए लगन लक्षकार ने कांस्य पदक हासिल करते हुए कस्बा व देश का नाम रोशन किया है। बताते चलें कि वैसे तो लगन लक्षकार पुत्री अरविन्द लक्षकार का परिवार झांसी का निवासी है लेकिन बचपन से ही वह चरखारी निवासी तथा शिक्षा विभाग में कार्यरत अपने मौसा परमानन्द लक्षकार के यहां रहती हैं और प्राथमिक स्तर की पढ़ाई रामगनर चरखारी से की तथा इण्टरमीडियट परीक्षा पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इण्टर कालेज रिवई चरखारी से उत्तीर्ण की है। एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर विधायक डॉ. बृजभूषण राजपूत चरखारी निवासी तथा एलएनटीसी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. नरेन्द्र थापक उपजिलाधिकारी चरखारी डॉ. प्रदीप कुमार प्रकाश सक्सैना ने लगन की सफलता पर बधाई दी है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किए जाने पर लगन के विद्यालय पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य प्रधानाचार्य शुभम त्रिपाठी एवं खेल प्रभारी अनुज मिश्र एवं आजाद सिंह सहित समस्त विद्यालय परिवार ने बिटिया के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल चरखारी विधानसभा या जनपद महोबा, बल्कि समूचे प्रदेश एवं देशवासियों के लिए गर्व का विषय है।

## सम्पादकीय

# सोशल मीडिया पर नफरती बोल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं

राजनीति के बाद अब सोशल मीडिया पर नफरती बोल सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक नसीहत दी है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब कुछ भी बोलना नहीं है। नफरत भरे भाषण को बोलने की आजादी नहीं समझा जा सकता है। सभी नागरिकों को भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार की अहमियत समझनी चाहिए और आत्म-नियमन का पालन करना चाहिए। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर हिंदू देवी-देवता के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। सोशल मीडिया पोस्ट में सांप्रदायिक टिप्पणी करना भी गलत है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि, 'वैसे तो कोई नहीं चाहता कि राज्य हस्तक्षेप करे, लेकिन उल्लंघन की स्थिति में सरकार कदम उठा सकती है, सोशल मीडिया पर इन सभी विभाजनकारी प्रवृतियों पर रोक लगानी होगी।' शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि 'सरकार के एक्शन का मतलब सेंसरशिप नहीं है'। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें हेट स्पीच यानी नफरत फैलाने वाले भाषणों को रोकें, लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन न हो। लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर जागरूक करने की जरूरत है, ताकि सरकार को इसे नियंत्रित करने की जरूरत न पड़े। लोगों को हेट स्पीच कंटेंट को लाइक, शेयर नहीं करना चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच पर कड़ा निर्देश दिया है। वर्ष 2022 और 2023 में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सरकार, नेताओं और मीडिया को सख्त हिदायत दी थी कि हेट स्पीच कतई स्वीकार्य नहीं है। हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- यह 21वीं सदी है। हम धर्म के नाम पर कहां आ पहुंचे हैं? हमें एक धर्मनिरपेक्ष और सहिष्णु समाज होना चाहिए, लेकिन आज घृणा का माहौल है। सामाजिक ताना-बाना बिखरा जा रहा है। हमने ईश्वर को कितना छोटा कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच से भरे टॉक शो और रिपोर्ट टेलीकास्ट करने पर टीवी चैनलों को जमकर फटकार लगाई थी। केंद्र सरकार 5 साल के लंबे परामर्श के बाद सोशल मीडिया पर नफरत भरे कंटेंट रोकने के लिए एंटी हेटस्पीच कानून बनाने की तैयारी पिछले तीन साल से कर रही है, लेकिन अभी तक ऐसे कानून का ड्राफ्ट तक नहीं आया है। इस कानून से हेट स्पीच की परिभाषा स्पष्ट होगी, ताकि लोगों को भी यह पता रहे कि जो बात वे बोल या लिख रहे हैं, वह कानून के दायरे में आती है या नहीं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) के वर्ष 2023 के विश्लेषण से पता चलता है कि भारत में बड़ी संख्या में सांसदों के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण के मामले दर्ज हैं। करीब 107 सांसदों और विधायकों के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण के मामले दर्ज हैं। ऐसे निष्कर्ष सत्ता के पदों पर बैठे लोगों के बीच नैतिक आचरण की आवश्यकता को उजागर करते हैं। विधि आयोग की 267वीं रिपोर्ट में घृणास्पद भाषण को मुख्य रूप से नस्ल, जातीयता, लिंग, यौन अभिविन्यास, धार्मिक विश्वास और इसी तरह के संदर्भ में परिभाषित व्यक्तियों के एक समूह के खिलाफ नफरत को उकसाने वाला बताया गया है। हेट स्पीच के दोषियों के खिलाफ देश में पहले से ही कई कानून मौजूद हैं। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 व नागरिक अधिकारों का संरक्षण अधिनियम, 1955 भी हैं। आज एआई के दौर में बहुत जरूरी है कि लोग सोच समझ कर बोलें, अपनी बातों से घृणा न फैलाएं। सोशल मीडिया नफरत फैलाने का मंच नहीं है।

# मानव संसाधन में निवेश की क्रांति



विश्लेषण
राव इन्द्रजीत सिंह

मानव पूंजी अर्थात हमारी शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और उत्पादकता सिर्फ़ एक आर्थिक संपत्ति नहीं है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। पिछले दस वर्षों में, भारत के प्रमुख नीति थिंक टैंक, नीति आयोग के नेतृत्व में एक शांत लेकिन जबरदस्त क्रांति ने आकार लिया है, जिसने देश के सबसे मूल्यवान संसाधनः अपने नागरिकों में निवेश करने के तरीके को एक नया रूप दिया है। नीति आयोग ने विकास के बारे में चर्चा को आगे बढ़ाया है, हमें याद दिलाया है कि सच्ची प्रगति को सबसे ऊंची इमारतों या सबसे बड़ी फैक्ट्रियों से नहीं मापा जाता है, बल्कि लोगों की ताकत, स्वास्थ्य और गरिमा से मापा जाता है। यह एक युवा, महत्वाकांक्षी भारत की नब्ज बन गया है।

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में, प्रगति का सही मापदंड सिर्फ़ जीडीपी के आंकड़ों या बुनियादी ढांचे की उपलब्धियों में नहीं है, बल्कि इस बात में है कि कोई राष्ट्र अपने लोगों का कितने अच्छे तरीके से पोषण करता है। मानव पूंजी अर्थात हमारी शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और उत्पादकता सिर्फ़ एक आर्थिक संपत्ति नहीं है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। पिछले दस वर्षों में, भारत के प्रमुख नीति थिंक टैंक, नीति आयोग के नेतृत्व में एक शांत लेकिन जबरदस्त क्रांति ने आकार लिया है, जिसने देश के सबसे मूल्यवान संसाधनः अपने नागरिकों में निवेश करने के तरीके को एक नया रूप दिया है।

एक ऐसे देश में जहां 65% से ज़्यादा आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है, जनसांख्यिकी लाभांश एक पीढ़ी में एक बार मिलने वाला अवसर है। इस युवा आबादी का विशाल आकार बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी लेकर आता है। चुनौती युवा ऊर्जा को आर्थिक वृद्धि और राष्ट्रीय विकास के लिए एक कारक में बदलने की है। यहीं पर नीति आयोग एक दूरदर्शी उत्प्रेरक के रूप में उभरा है - जो न केवल आज की प्रगति के लिए बल्कि कल की समृद्धि के लिए भी एक रोडमैप तैयार कर रहा है। पिछले दशक में, नीति आयोग एक थिंक टैंक से एक सुधारवादी इंजन और क्रियान्वयन भागीदार के रूप में उभरा है, जो डेटा, सहयोग और मानव-केंद्रित डिजाइन से समर्थित साहसिक विचारों के लिए जाना जाता है। इसने नीति निर्माण को शीर्ष-स्तरीय अभ्यास से राज्यों, निजी भागीदारों, वैश्विक संस्थानों और नागरिक समाज के साथ सह-निर्माण की एक गतिशील प्रक्रिया में बदल दिया है। इसकी ताकत सिर्फ योजना बनाने में नहीं है, बल्कि सुनने में है और उन अंतर्दृष्टि को कार्रवाई में बदलने में है। शिक्षा, जो मानव पूंजी का आधार है, इसके मार्गदर्शन में पूरी तरह से पुनः कल्पना की साक्षी रही है।

यह मानते हुए कि केवल अधिगम ही पर्याप्त नहीं है, नीति आयोग ने गुणवत्ता और समानता पर जोर दिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, जहां इसने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, ने एक नए युग की शुरुआत की, रटने की शिक्षा से आलोचनात्मक सोच, लचीलेपन और व्यावसायिक एकीकरण की ओर बदलाव। इसने प्रारंभिक बाल्य शिक्षा, मातृभाषा में शिक्षा और विषयों के बीच निर्बाध पारगमन पर जोर दिया। अटल नवाचार मिशन जैसी पहलों के माध्यम से, इसने जवाबदेही और कल्पनाशक्ति अर्थात दोनों को सुनिश्चित किया। 10 हजार से अधिक अटल टिंकरिंग लैब्स में नवाचार को शामिल किया जो अब पूरे देश भर में फैले हुए हैं। 21वीं सदी के लिए भारत के युवाओं को कौशल प्रदान करना इसके मिशन की एक और आधारशिला रही है। कौशल भारत मिशन को समर्थन प्रदान करने से लेकर आकांक्षी जिला कार्यक्रम के माध्यम से वंचित जिलों के केंद्र तक व्यावसायिक कार्यक्रमों को पहुंचाने तक, नीति आयोग ने क्लास रूम और आजीविका के बीच की खाई को पाटने में मदद की है। स्किल इंडिया मिशन के तहत प्रौद्योगिकी, उद्योग संबंधों और मांग-संचालित पाठ्यक्रम को मिलाकर तैयार की गई पहलों के माध्यम से 1.5 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। यह केवल प्रशिक्षण के प्रयोजन से नहीं था बल्कि इसने क्षेत्रीय जरूरतों और डिज़ाइन किए गए कार्यक्रमों का मानचित्रण




किया जिसने भारत के ग्रामीण और शहरी युवाओं के लिए समान रूप से वास्तविक आर्थिक अवसर खोले हैं। इसने 44 केंद्रीय श्रम कानूनों को चार सरलीकृत संहिताओं - मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, औद्योगिक संबंधों और व्यावसायिक सुरक्षा को तर्कसंगत बनाने का समर्थन किया। इन सुधारों ने श्रमिकों की सुरक्षा के साथ नियोक्ता अनुकूलन को संतुलित किया। अनुपालन को सरल बनाकर और औपचारिकता को प्रोत्साहित करके, कार्यस्थल न केवल अधिक उत्पादक बल्कि अधिक मानवीय भी बन गया। स

वास्थ्य सेवा, जिसे प्रायः लागत के रूप में देखा जाता है, को पुनः निवेश के रूप में तैयार किया गया। नीति आयोग द्वारा समर्थित और निगरानी की गई प्रमुख आयुष्मान भारत योजना ने 50 करोड़ से अधिक भारतीयों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया, जबकि 1.5 लाख से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों ने जमीनी स्तर पर प्राथमिक देखभाल की। इन कार्यक्रमों ने पोषण, मातृ और बाल स्वास्थ्य, मानसिक चिकित्सा और गैर-संचारी रोगों को न केवल उपचार करने के लिए, बल्कि लोगों को स्वस्थ रखने के लिए लक्षित किया। नीति आयोग उद्यमिता और नवाचार के लिए एक प्रकाश स्तंभ साबित हुआ है। स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और अटल नवाचार मिशन जैसे कार्यक्रमों ने विचारों के फलने-फूलने के लिए एक उर्वर ईकोसिस्टम का निर्माण किया। आज हजारों स्टार्ट-अप्स फिनटेक, एजटेक, एग्रीटेक, हेल्थ-टेक और स्वच्छ ऊर्जा में सफल हो रहे हैं क्योंकि उन्हें नीतिगत समर्थन, इंक्यूबेशन और महत्वपूर्ण चरणों पर मार्गदर्शन मिला। ये केवल व्यवसाय नहीं हैं; ये नौकरी पैदा करने वाले और समस्याओं को हल करने वाले हैं, जो एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत में योगदान दे रहे हैं। इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि इस बात में निहित है कि इसने साक्ष्य आधारित नीति निर्माण की परम्परा को संस्थागत बनाया है।

बड़े डेटा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रियल-टाइम डैशबोर्ड और कठोर निगरानी ढांचे का लाभ उठाकर, इसने सुनिश्चित किया कि नीतियां अनुकूलित, जवाबदेह और वास्तविकता के अनुसार हों। चाहे यह भारत का पहला एसडीजी इंडेक्स लॉन्च करना हो, राज्यों के प्रदर्शन मैट्रिक्स पर मार्गदर्शन करना हो, या नीतिगत डिजाइन के लिए व्यवहार संबंधी अंतर्दृष्टियों का उपयोग करना हो, नीति आयोग ने शासन के केंद्र में वैज्ञानिक सोच स्थापित करने का काम किया है। मंत्रालयों और क्षेत्रों में समन्वय स्थापित करने की इसकी क्षमता ने इसे एक सलाहकार निकाय से कहीं अधिक बना दिया है। न केवल लक्ष्य प्राप्त करने से कहीं अधिक, नीति आयोग ने ऐसी प्रणालियां बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है जो टिकाऊ, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार हों।

सतत विकास लक्ष्यों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता हर पहल में स्पष्ट है - स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण से लेकर हरित गतिशीलता तक, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना से लेकर कार्यस्थलों में लैंगिक समानता तक। ज्ञान अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उदय अब कोई दूर का सपना नहीं है। यह कार्य प्रगति पर है, जो लोगों को देश की सबसे बड़ी संपत्ति के रूप में देखने वाली नीतियों द्वारा प्रेरित है। नीति आयोग ने विकास के बारे में चर्चा को आगे बढ़ाया है, हमें याद दिलाया है कि सच्ची प्रगति को सबसे ऊंची इमारतों या सबसे बड़ी फैक्ट्रियों से नहीं मापा जाता है, बल्कि लोगों की ताकत, स्वास्थ्य और गरिमा से मापा जाता है। यह एक युवा, महत्वाकांक्षी भारत की नब्ज बन गया है, एक ऐसा भारत जो सपने देखता है, हिम्मत करता है और कार्य को सम्पूर्ण करता है। यह शांत विश्वास है कि जब आप लोगों में निवेश करते हैं, तो आप न केवल एक बेहतर अर्थव्यवस्था बनाते हैं, बल्कि एक बेहतर राष्ट्र भी बनाते हैं।

डिजिटेक
सुनील कुमार महला



# अब बुलेट इंटरनेट से स्पीड क्रांति की तैयारी में जापान

जापान, पूर्वी एशिया में स्थित एक द्वीपसमूह देश है, जो प्रशांत महासागर में स्थित है। यह देश 6,852 द्वीपों से मिलकर बना है, जिनमें होक्काइडो, होंशू, शिकोकू, क्यूशू और ओकिनावा मुख्य द्वीप हैं। अपनी शक्तिशाली अर्थव्यवस्था, उन्नत प्रौद्योगिकी व नवाचारों, दुनिया के सबसे बड़े वाहन निर्माताओं में से एक, जिसकी ट्रेनें दुनिया में सबसे सटीक समय पर चलने वाली मानी जाती हैं तथा जो अपनी अद्वितीय व अनूठी संस्कृति के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध रहा है; ऑटोमोबाइल, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, विनिर्माण और शिक्षा के क्षेत्र में जापान आज एक वैश्विक नेता है। हाल ही में जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशंस टेक्नोलॉजी (एनआईसीटी) के रिसर्चर्स ने 1.02 पेटाबिट्स (पेटाबाइट) प्रति सेकेंड की अविश्वसनीय इंटरनेट स्पीड हासिल करके विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है, जो अपने आप में एक मिसाल है। जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (एनआइसीटी) ने सुमितोमो इलेक्ट्रिक और यूरोपीय पार्टनर के साथ मिलकर यह रिकॉर्ड बनाने वाली उपलब्धि हासिल की है। उनके यूनिक 19 कोर ऑप्टिकल फाइबर केबल ने 1,808 किलोमीटर से ज्यादा की दमदार स्पीड से डाटा ट्रांसमिट किया, जो कि करीब लंदन से रोम की दूरी के बराबर है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 1.02 मिलियन गीगाबाइट (जीबी) डाटा एक सेकंड में डाउनलोड किया गया है। यह स्पीड इतनी ज्यादा है कि इसके बारे में सोच पाना भी मुश्किल है। जापान की इस तकनीक को वैश्विक रूप से डाटा ट्रांसफर, स्ट्रीमिंग और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक उज्जवल भविष्य के रूप में देखा जा रहा है। जापान की लेटेस्ट इंटरनेट नेटवर्क की स्पीड 1.02 पेटाबाइट पर सेकंड है। यह इंटरनेट स्पीड इतनी फास्ट है कि इसका इस्तेमाल करके कुछ ही सेकंड्स में फिल्म ही नहीं, बल्कि पूरी लाइब्रेरी तक डाउनलोड की जा सकती है। वास्तव में, जापान की यह उपलब्धि डेटा ट्रांसमिशन तकनीक में एक महत्वपूर्ण व बड़ा कदम है। जापान की यह स्पीड अमेरिका की एवरेज इंटरनेट स्पीड से 3.5 गुना है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह स्पीड अमेरिका के औसत इंटरनेट कनेक्शन से 35 लाख गुना ज्यादा है। भारत की औसत इंटरनेट गति से यह 1.6 करोड़ गुना तेज बताई जा रही है। आज भारत जैसे देश में बफरिंग, नेटवर्क डाउन और स्लो इंटरनेट एक बड़ी समस्या है, ऐसे में जापान द्वारा हाई स्पीड इंटरनेट तकनीक का विकास आने वाले समय में 6जी नेटवर्क, क्लाउड सिस्टम्स, अंडरसी डेटा केबल्स और एआई जैसे उभरते क्षेत्रों में नई क्रांति लेकर आएगा। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि जापान ने सिंगल कोर के बजाय 19 कोर ऑप्टिकल फाइबर सिस्टम व उन्नत एम्प्लीफायर तकनीक की मदद से इतनी तेज इंटरनेट स्पीड को हासिल करने में सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार इन स्पेशल केबल का इस्तेमाल कर शोधकर्ताओं की टीम ने बिना किसी स्पीड लॉस के 1800 किलोमीटर से भी अधिक की दूरी तक भारी मात्रा में डेटा भेजने में सक्षम रही है। उन्होंने ट्रांसमीटर, रिसीवर और लूपिंग सर्किट के सेटअप का उपयोग किया जिससे डेटा फुल पॉवर से फ्लो रखने में मदद मिली। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का अर्थ है कि एक सेकंड में 10,000 से अधिक 4K फिल्में डाउनलोड की जा सकती हैं। मार्च 2024 में भी जापान ने ही 402 टेराबिट्स प्रति सेकंड (यानी 50,250 जीबीपीएस) की स्पीड का रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन इस बार नई तकनीक ने इस आंकड़े को दोगुना से अधिक कर दिया। जैसे-जैसे एआई, 8K स्ट्रीमिंग, क्लाउड गेमिंग और ऑगमेंटेड रियलिटी जैसे सेक्टर आगे बढ़ेंगे, ऐसे ब्रेकथ्रू तकनीकों की जरूरत और भी बढ़ेगी। वास्तव में यह तकनीक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आइओटी) और वैश्विक डिजिटलीकरण की बढ़ती मांगों को पूरा करने में मदद करेगी। ज्यादा तेज इंटरनेट, ज्यादा तेज विकास भी लेकर आएगा। स्मार्ट सिटी, रिमोट हेल्थ केयर और ऑनलाइन शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

# हमारा वास्तविक स्वभाव क्या है?



संकलित
दर्शन

जीवन क्या है? इसका उद्देश्य क्या है? ये प्रश्न जितने सरल लगते हैं, उतने ही रहस्यमय भी हैं। इन्हें जितना समझने की कोशिश करते हैं, वे उतने ही उलझते जाते हैं। दरअसल, जानना हृदय का विषय नहीं है, जीना हृदय का विषय है। रहस्य समझने के लिए नहीं, बल्कि जीने के लिए हैं। जीवन के रहस्य को जीना ही आनंद है। ज्ञान प्राप्त होने से पहले लगता है कि हममें अज्ञान नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे ज्ञान बढ़ता है, तो लगता है हममें काफी अज्ञान है। एक कहावत है, आत्मज्ञान होने से पहले लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। आत्मज्ञान के बाद भी, लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। अंतर इतना है कि पहले हम दुखी रहकर काम करते थे। लेकिन आत्मज्ञान के बाद वही कार्य आनंद से करते हैं। हमारा जीवन कितना उत्तम है, यह हमारे मन की अवस्था पर निर्भर करता है। हम वही सुनना पसंद करते हैं, जिसमें हमारी रुचि होती है। जब हमारा जीवन प्रेम में केंद्रित होता है, तो हम प्रेम के बारे में जानना चाहते हैं। जब जीवन बच्चों के इर्द-गिर्द घूमता है, तो हम बच्चों के बारे में ही सुनना चाहते हैं। जो हमारी इच्छा हो, हमें वही सुनना पसंद है और हमारी इच्छाओं का कभी अंत ही नहीं होता।

*-श्री श्री रविशंकर*

# संतान गुस्सा हो तो शांत करने की कोशिश जरूर करें



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में एक दिन शिव जी और पार्वती जी ने विचार किया कि अब गणेश और कार्तिकेय का विवाह कर देना चाहिए। ये विचार करने के बाद उन्होंने कार्तिकेय स्वामी और गणेश जी को बुलाया और दोनों से कहा कि आप दोनों में से जो इस संसार की परिक्रमा करके पहले आएगा, हम उसका विवाह पहले कराएंगे। कार्तिकेय स्वामी तो अपने वाहन मोर पर बैठकर तुरंत उड़ गए, लेकिन गणेश जी अपने वाहन चूहे पर बैठे हुए थे। गणेश जी ने ने तुरंत ही माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कह दिया कि आप दोनों ही मेरे लिए संसार हैं। दूसरी ओर, कार्तिकेय स्वामी को संसार की परिक्रमा करके लौटने में थोड़ा समय लग गया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो उन्होंने देखा कि गणेश का विवाह हो गया है। गणेश जी को विवाहित देखकर कार्तिकेय स्वामी नाराज हो गए। उन्होंने शिव-पार्वती से कहा कि आपने ये सही नहीं किया है। क्रोधित होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर चले गए। ये क्रौंच पर्वत आज दक्षिण भारत में कृष्णा जिले में कृष्णा नदी के तट पर स्थित है। इसे श्रीपर्वत भी कहते हैं। शिव जी और देवी पार्वती ने कार्तिकेय स्वामी को समझाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन कार्तिकेय शांत नहीं हुए। शिव-पार्वती समझ गए कि कार्तिकेय बहुत ज्यादा गुस्से में है और ये वापस भी नहीं आएगा। तब दोनों ने तय कि वे ही कार्तिकेय से मिलने जाते रहेंगे। इसके बाद हर अमावस्या पर शिव जी और पूर्णिमा पर देवी पार्वती कार्तिकेय से मिलने श्रीपर्वत पर आती हैं। ऐसी मान्यता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### क्रोध में की गई नासमझी महंगी पड़ती है

हम अपने को हर परिस्थिति में संयमित रख सकते हैं तो बड़ी बात है। उसे ही शिक्षित कह सकते हैं। इसके विपरीत अगर मन में उठने वाली उत्तेजनाओं और आवेगों पर हम कंट्रोल नहीं कर सकते हैं तो यह असंयमित जीवन है। आवेगों को नहीं रोक पाना नासमझी है। आवेग में आदमी इतना उत्तेजित हो जाता है कि अपना आपा खो देता है। आवेग में परिवार उजड़ते जा रहे हैं। उसके बाद में पश्चाताप से कोई फायदा नहीं है। आत्महत्या के कारणों के पीछे भी लोगों की नासमझी ही है। इस तरह की मानसिकता वालों के लिए हर तरह की शिक्षा व्यर्थ है। कोई भी किसी भी कार्य में आदमी सफल नहीं हो सकता है जब तक वह अपना स्वामी स्वयं नहीं है। आत्मसंयम के अभाव में हजारों लोगों का जीवन नष्ट हो जाता है। उनकी अनेक उपलब्धियां इसलिए व्यर्थ हो गई कि उनमें अपने आपको वश में रखने की क्षमता नहीं थी।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### सुरक्षा के कदम



सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए रेलवे का बड़ा कदम। देशभर के 74000 कोच और 15000 इंजनों में हाई-टेक सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। यह पहल अपराध पर निगरानी, महिला सुरक्षा के लिए कारगर सिद्ध होगी।
-अन्नपूर्णा देवी, महिला एवं बाल विकास मंत्री

### भारत का समर्थन



बीजिंग पहुँचने पर उपराष्ट्रपति हान झेंग से मिलकर मुझे खुशी हुई। चीन की एससीओ अध्यक्षता के लिए भारत का समर्थन व्यक्त किया। हमारे द्विपक्षीय संबंधों में सुधार पर ध्यान दिया। विश्वास व्यक्त किया कि चर्चाएँ इसी सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेंगी।
-एस जयशंकर, विदेश मंत्री

### किसानों की खुशहाली



प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में अन्नदाता किसानों की खुशहाली के लिए जो कदम बढ़ाए गए हैं, वह अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय हैं। आज उसी का परिणाम है कि डबल इंजन सरकार की ऊर्जा का लाभ उत्तर प्रदेश ले रहा है।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### कांवड़ यात्रा की आस्था




कांवड़ यात्रा आस्था का वह पावन संगम है, जो दिल्ली की सड़कों को तीर्थ बना देता है। यह परंपरा हमारे जीवंत सांस्कृतिक संस्कारों की प्रतीक है। इस यात्रा को सहज, सुलभ, सम्मानजनक और भव्य बनाने का अवसर हमें प्राप्त हो रहा है। यह हमारी संस्कृति की सेवा है और सेवा ही हमारा पुण्य है।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

## करंट अफेयर

# ऑस्ट्रेलिया में अब तक का सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास

ऑस्ट्रेलिया में अब तक का सबसे बड़ा युद्ध अभ्यास 'टैलिसमैन सेबर' शुरू हो चुका है। इस सैन्य अभ्यास के दौरान चीनी जासूसी जहाजों द्वारा निगरानी किए जाने की संभावना जताई जा रही है। 'टैलिसमैन सेबर' अभ्यास की शुरुआत 2005 में अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक द्विवार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास के रूप में हुई थी। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा विभाग ने रविवार को बताया कि इस वर्ष यह अभ्यास पहले से कहीं अधिक व्यापक होगा, जिसमें 19 देशों के 35,000 से अधिक सैन्यकर्मी भाग ले रहे हैं और यह अभ्यास तीन सप्ताह तक चलेगा।



## ऑफ बीट

# शराब से दूरी : केवल एक दिन के परहेज़ से भी होता है फायदा

शराब का हमारे स्वास्थ्य पर कई तरह से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और इनमें से कुछ दुष्प्रभाव तो हैरान कर देने वाले भी हो सकते हैं। इनमें सिरदर्द, चिंता जैसे तात्कालिक प्रभावों से लेकर कैंसर जैसी गंभीर दीर्घकालिक बीमारियां शामिल हैं। शरीर से शराब को पूरी तरह बाहर निकलने में लगभग 24 घंटे लगते हैं। इसके बाद से ही आपको कुछ सुधार महसूस होता है। शराब पीने से बार-बार पेशाब आता है और शरीर में पानी की कमी हो जाती है। लेकिन एक गिलास पानी तुरंत असर करता है, जिससे पाचन, मस्तिष्क कार्य और ऊर्जा स्तर बेहतर होने लगता है। शराब के कारण यकृत रक्त शर्करा को नियंत्रित नहीं कर पाता।



## संक्षेप

### शिवपुर ब्लाक में संचालित अभियान में पकड़े गये 11 कुत्ते

#### 02 कुत्तों का किया गया बधियाकरण

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर तहसील नानपारा अन्तर्गत विकास खण्ड शिवपुर में आक्रामक कुत्तों की समस्या के समाधान के लिए ग्राम्य विकास, पशुपालन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत मटेराकलां, सेमरिया, रखौना, बरदहाकलां, लौकिहा, शिवपुर एवं बेहड़ा के ग्राम प्रधानों एवं ग्रामवासियों के सक्रिय सहयोग से संचालित किये गये अभियान के दौरान 11 आक्रामक कुत्तों को पकड़ा गया। यह जानकारी देते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय ने बताया कि पकड़े के गये 11 कुत्तों में से 02 कुत्तों का बधियाकरण करके उन्हें मानव आबादी दूर से जंगल में छोड़ दिया गया है।

### महिला से छेड़छाड़ और मारपीट

#### जेठ ने फाड़े कपड़े, मकान निर्माण में की बाधा; पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने से किया इनकार

सुलतानपुर, धम्मौर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने जिलाधिकारी को एक शिकायत पत्र सौंपा है। पीड़िता के अनुसार अपने दो छोटे बच्चों के साथ धम्मौर गांव में रहती हैं। उनके पति ड्राइवर हैं। शिकायत के अनुसार, पीड़िता के जेठ सोनू ने 8 जुलाई 2025 को सुबह 8 बजे उनके निमार्णाधीन मकान पर उनके साथ छेड़छाड़ की। आरोपी ने पीड़िता के कपड़े फाड़ दिए और विरोध करने पर मारपीट की। लोगों के आ जाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। इस दौरान उसने मकान की ईंटें और छप्पर को भी तोड़-फोड़ दिया। पीड़िता ने थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। 15 जुलाई को फिर से आरोपी ने पीड़िता और उनके पति को धमकी दी।

### 40 लाख की पकड़ी गई स्मैक

#### पूर्व जिला पंचायत सदस्य व हिस्ट्रीशीटर समेत 3 गिरफ्तार, 432 ग्राम स्मैक व बाइक बरामद

सुलतानपुर, पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। बल्दीराय क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय बाजार में 40 लाख से अधिक कीमत की 432 ग्राम स्मैक के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य व हिस्ट्रीशीटर शामिल है। बल्दीराय थाना पुलिस ने दुलदुल दास की कुटी के पास से हिस्ट्रीशीटर और पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव उर्फ दरोगा यादव तथा रवि यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 291 ग्राम स्मैक बरामद की है। इसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 30 लाख रुपए है। एक काली अपाचे मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। राकेश महमूदपुर मजरे हेमनापुर का रहने वाला है। रवि यादव कांपा, थाना हलियापुर का निवासी है। थानाध्यक्ष बल्दीराय नारद मुनि सिंह ने बताया कि दोनों आरोपी क्षेत्र में लंबे समय से अवैध स्मैक की बिक्री कर रहे थे।

# उपजिलाधिकारी की कार्यवाही के बाद भी मिलावटी गुड़ बनाने का कारोबार जारी

## दुबारा छापेमारी में एसडीएम ने तीन मिलावटी गुड़ बनाने वालों को हिरासत में भेजा

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। पूजा पाठ से लेकर खाने में सबसे शुलभ और औषधीय रुप में आने वाली गुड़ को भी मिलावटखोरों ने अधिक पैसा के चक्कर में जहरीली बना दिया और इनकी हिम्मत देखिए एक बार पकड़े जाने के बाद दोबारा फिर वही कार्य शुरू कर दिया। एसडीएम द्वारा दुबारा छापेमारी में गुड़ का काला कारोबार चलता मिला। जिसपर गुस्साए एसडीएम ने तीनों मिलावटखोरों को पुलिस को सौंपकर कार्यवाही कर दी। पिछले दिनों मिहींपुरवा के कुडवा रेलवे क्रासिंग के पास लगे दो गन्ना कोल्हू पर एसडीएम मिहींपुरवा के नेतृत्व में खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम के साथ छापेमारी की गयी जबकि तीसरे गन्ना कोल्हू संचालक मिलावटी गुड़ बनाने वाली सामग्री नही मिली थी। जिसके बाद एसडीएम ने मिलावटी गुड़ को नष्ट कराते हुए दुबारा मिलावटी गुड़ न बनाने की चेतावनी दी थी। लेकिन लम्बी कमाई के चक्कर में यह लोग एसडीएम के निर्देश को दरकिनार करते हुए रात में फिर से मिलावटी गुड़ बनाने का काम शुरू कर दिया। जिसकी सूचना उपजिलाधिकारी को पुनः मिली तो उन्होंने तहसील की टीम को साथ लेकर तीन मिलावटी गुड़ बनाने वाली भट्ठियों पर छापा मारा। जिसपर तीनों संचालक भागने लगे। टीम द्वारा दौडाकर सभी को पकड़कर मोतीपुर पुलिस की हिरासत में भेज कर खाद्य एवं औषधि विभाग को मौके पर बुलाया गया है। उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा प्रकाश सिंह की छापेमारी में इरशाद पुत्र समीऊद्दीन निवासी पुरकाजी जिला मुजफ्फरनगर तथा इंतजार पुत्र लतीफ निवासी तलहडी बुजुर्ग थाना देवबंद जिला सहारनपुर व जगदीश प्रसाद पुत्र फूलचंद निवासी पांडे पुरवा मिहींपुरवा थाना मोतीपुर को मिलावटी गुड़ बनाते पकड़ा। जिसपर मोतीपुर पुलिस ने हिरासत में लेकर बीएनएस की धारा 170/126/135 के अन्तर्गत जेल भेज दिया है। क्षेत्रीय ग्रामीणों में मिलावटी गुड बनाने में खाद्य एवं औषधि विभाग के संलिप्तता की चर्चा जोरों पर है।बता दें मिलावटी गुड़ बनाने का कारोबार लगभग तीन चार वर्षों से चल रहा था।और हर वर्ष नया व्यक्ति मेरठ मुजफ्फरनगर अमरोहा सहारनपुर आदि जिलों से आकर बे-मौसम बन्द पड़े गन्ना कोल्हू को किराये पर लेकर मिलावटी गुड़ का बड़े पैमाने पर निर्माण कर गोंडा बलरामपुर श्रावस्ती बहराइच कैसरगंज नानपारा सीतापुर लखीमपुर तथा नेपाल आदि जगहों तक मिलावटी गुड़ भेजकर काफी मुनाफा कमाते हैं। क्षेत्र में चर्चा है आखिर किसके सह पर गुड का काला कारोबार नगर पंचायत क्षेत्र में चल रहा था।

# रूपईडीहा पुलिस व एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई, मिली सफलता

## 50 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा पुलिस और एस एस बी की संयुक्त कार्यवाही में रूपईडीहा पुलिस ने 30 लाख के स्मैक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। रूपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत रूपईडीहा पुलिस ने उक्त 50 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक अशोक कुमार, चौकी प्रभारी मोहरनियां सहित पुलिस बल व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा भारत-नेपाल सीमा के समीप पिलर संख्या 651/11 के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में देखा गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से 50 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई जिसे मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान साहिल खान उर्फ कालिया पुत्र मकसूद आलम उम्र करीब 23 वर्ष निवासी नई बस्ती, कस्बा व थाना रूपईडीहा, जनपद बहराइच के रूप में हुई है। इस संबंध में थाना रूपईडीहा पर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय बहराइच में पेश किया गया।

# ग्राम स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। ग्राम पंचायत मनवरिया में ग्राम स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का उद्देश्य गांव में बच्चों के अधिकारों की रक्षा, उनके समुचित विकास और बाल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा करना था।बैठक ग्राम प्रधान मेराज अहमद की अध्यक्षता में किया गया। जिसका संचालन देहात इंडिया संस्था के कार्यकर्ता नीरज श्रीवास्तव द्वारा किया। जिसमें समिति के सभी सदस्यों सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा बहु, स्कूल शिक्षक, पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में देहात इंडिया संस्था के पवन कुमार द्वारा बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी जैसी समस्याओं पर विशेष चर्चा किया गया। तथा पीसी इमरान द्वारा बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर सुझाव दिया गया। बैठक में जन प्रतिनिधियों ने भाग लेते हुए समिति को तकनीकी सहयोग देने का आश्वासन दिया। जिसमें पूर्व प्रधान प्रतिनिधि रमेश कुमार वर्मा, आंगनबाड़ी अनीता वर्मा, विद्यालय प्रधानाध्यापक महरे निगार, अध्यापक रानी पांडेय, संजय कुमार, पवन कुमार आदि समुदाय के लोग मौजूद रहे।



# कृषि विज्ञान केन्द्र में फील्ड लेवल कार्मिको की बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच में कृषि विभाग के फील्ड लेवल कार्मिको की बैठक उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी बहराइच शिशिर कुमार वर्मा, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कैसरगंज, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए व बी तथा जिले के सभी ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर, बीटीएम उपस्थित रहे। उप निदेशक कृषि ने विभाग में चल रही योजनाओं की समीक्षा की तथा सभी कर्मचारियो को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होनें जिले में कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान सभी ग्रुप बी को निर्देश दिया कि फील्ड विजिट कर किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अधिक से अधिक किसानों का बीमा कराने हेतु प्रेरित करें ध्यान रहे 31 जुलाई 2025 प्रधानमंत्री फसल बीमा करने की अंतिम तिथि है। इसके पूर्व किसानो को अधिक से अधिक फसल बीमा से जोड़ना है। डीडी एग्रीकल्चर ने उपस्थित वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए को निर्देश दिया कि तहसील स्तर पर उपस्थित होकर सभी कर्मचारियों की दय-नंदानी का अवलोकन करें तथा उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करें। दादा एग्री ने निर्देश दिया कि समस्त नेचुरल फार्मिंग क्लस्टर प्रभारी अपने अपने क्लस्टरों में कम से कम 16 दिवस उपस्थित सुनिश्चित करें अन्यथा क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी जिसका उत्तरदायित्व संबंधित कर्मचारियों का होगा। डीडी एग्री ने कहा कि जनपद में आयोजित हो रहे डिमॉन्स्ट्रेशन की सप्ताह में 3 दिवस अवश्य विजिट करें। फील्ड डे आयोजित कर कराए जा रहे कार्यों की जनपद के दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञप्ति भी दे, जिससे आस पास के किसान भी डिमॉन्स्ट्रेशन पद्धति से लाभान्वित हो सके। डीडी एग्री ने पीएम किसान योजना के तहत अवशेष डेटा का सत्यापन शतप्रतिशत सुनिश्चित करें। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा भी अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए कृषि विभाग के उपस्थित क्षेत्रीय कर्मचारियों को फेरोमेन ट्रैप के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। फेरोमेन ट्रैप के उपयोग से कीड़े मकोड़े पर नियंत्रण पाया जा सकता है तथा सब्जियों में उपयोग होने वाले रसायनों से बचा जा सकता है जो मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी है।

# नाबालिग बालिका का अपरहण करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज/रूपईडीहा, बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा महिलाओं, बालिकाओ के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम एवं महिलाओ, बालिकाओ के प्रति अपराध करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में चौकी इंचार्ज बाबागंज उपनिरीक्षक दीपक सिंह मय पुलिस टीम द्वारा थाना रूपईडीहा पर नाबालिक बालिका का अपहरण करने के संबंध 11 जुलाई को पंजीकृत मु0अ0स0 208/2025 धारा 87 व 137(2) बीएनएस थाना रूपइडीहा जनपद बहराइच से सम्बंधित पीड़िता व अभियुक्त आमिर खान पुत्र मुबारक उर्फ गूठे निवासी ग्राम बनकुरी थाना रूपईडीहा जनपद बहराइच के पंजीकृत होकर अभियुक्त की गिरफ्तारी व पीड़िता की सकुशल बरामदगी के प्रयास के क्रम में मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त आमिर खान को सुमेरपुर मोड थाना रूपईडीहा से गिरफ्तार किया गया तथा पीड़िता को सुमेरपुर मोड़ से सकुशल बरामद किया गया। बाद विधिक कार्यवाही अभियुक्त को पेशी हेतु माननीय न्यायालय सदर बहराइच व पीड़िता को डाक्टरी व अन्य विधिक कार्यवाही हेतु सदर बहराइच रवाना किया गया।




# आईटीआई गौरीगंज विश्व युवा कौशल दिवस पर प्रदर्शनी

## 11 यूथ आइकॉन सम्मानित, युवाओं को स्टार्टअप के लिए मिलेगी ऋण सुविधा

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, आईटीआई गौरीगंज में विश्व युवा कौशल दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कौशल विकास केंद्र और आईटीआई के छात्र-छात्राओं द्वारा लगाई गई मॉडल प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी संजय चौहान और मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने किया। कार्यक्रम में 11 यूथ आइकॉन को प्रशस्ति पत्र दिए गए। 11 युवाओं को नियुक्ति पत्र और पांच उद्यमियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने युवाओं को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि दूरदर्शी सोच, पक्का इरादा, कड़ी मेहनत और ईमानदारी से सफलता मिलती है। जिलाधिकारी संजय चौहान ने युवाओं से अपने हुनर से दूसरों को रोजगार देने का आह्वान किया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का लक्ष्य है कि युवा अपना स्टार्टअप शुरू कर दूसरों को रोजगार दें। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के लाभार्थी युवाओं ने अपनी सफलता की कहानी साझा की। प्रधानाचार्य शिवाकांत द्विवेदी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

इस मौके पर जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी, जीएमडीआईसी दिनेश कुमार चौरसिया, आईटीआई गौरीगंज के प्रधानाचार्य विवेक कुमार समेत कई अधिकारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# कैसरगंज में कांवड़ियों के जत्थे पर की गई पुष्प वर्षा



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।कैसरगंज में गुरुवार के दिन कांवड़ियों का जत्था जब महादेवा की तरफ जा रहा था तभी परमहंस डिग्री कॉलेज के पास उपजिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर, ब्लॉक प्रमुख कैसरगंज संदीप सिंह बिसेन एवं समाजसेवी डॉ अरविंद सिंह बिसेन ने कांवड़ियों के जत्थे पर खूब फूलों की वर्षा की एवं कांवड़ियों के लोगों के लिए खाने-पीने का भी बेहतरीन इंतजाम किया। डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह का यह लगातार चौथी बार से सिलसिला चल रहा है जो की समाज सेवा के साथ-साथ प्रशासनिक अमला भी इस प्रोग्राम में मौजूद रहा। इस मौके पर कैसरगंज इंस्पेक्टर सुरेंद्र शर्मा अपनी पूरी फोर्स के साथ मौजूद रहे।

# जनपद में 20 जुलाई से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह अगस्त 2025 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 20 जुलाई से 10 अगस्त 2025 तक होगा।

अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा।

डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 10 अगस्त 2025 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा।

समस्त उचित दर विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगवाकर ई-वेइंग स्केल मशीन से खाद्यान्न तौल करते हुए तत्समय ही लाभार्थी को खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण करें।

यदि किसी विक्रेता के विरूद्ध अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

# भाजपा नेता पर पत्नी का चाकू से हमला

## निकाह की बात छिपाकर दूसरी शादी की, पहली पत्नी से भी नहीं लिया तलाक

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष पर उनकी पत्नी ने चाकू से हमला कर दिया। इससे उन्हें पैर और गले में गंभीर चोटें आई हैं। पति ने अपने पहले निकाह की बात छिपाई थी और बिना तलाक के दूसरी शादी कर ली, जिससे पत्नी ने गुस्से में हमला किया। बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के ऊंचगांव में मंगलवार को भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष मोहम्मद कलीम किदवई पर उनकी पत्नी शमा ने चाकू से हमला किया। उनके गले और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। ट्रामा सेंटर जगदीशपुर में उन्हें भर्ती कराया गया है। भाजपा नेता मोहम्मद कलीम मूलरूप से जगदीशपुर के निहालगढ़ के रहने वाले हैं। दूसरी पत्नी शमा ऊंचगांव में अपने मायके में रह रही है। उन्होंने अपनी पहली पत्नी सबा से भी तलाक नहीं लिया है। कलीम जगदीशपुर से ही दोनों के घर आता-जाता है। हालांकि, उन्होंने ये बात शमा से छिपाई, जिसको लेकर पति-पत्नी के बीच कई महीनों से विवाद चल रहा था। पहली पत्नी लखनऊ में रह रही मोहम्मद कलीम की पहली शादी 20 साल पहले हुई थी। पहली पत्नी सबा दो बच्चों के साथ लखनऊ में अपने मायके में रह रही हैं। कलीम ने शमा से दूसरा निकाह किया और पहली शादी की बात छिपाई। दूसरी पत्नी से उनके तीन बच्चे हैं। एक बड़ी बेटी 10 साल की और दो बेटे 4 साल और 2 साल के हैं। कलीम ने बताया कि कल रात उनका शमा से झगड़ा हुआ था इसके बाद सब लोग सो गए। किचन में थी और दोबारा झगड़ा करने लगी। रिश्तेदारों को मदद के लिए बुलाया कलीम उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन शमा को गुस्सा आया तो उसने किचन में पड़ा चाकू उठाया और पति पर चाकू से कई वार कर दिए।

# पति के पीटने से पत्नी की मौत

## शराब के नशे में बेदर्दी से पीटा, 8 महीने के बच्चे समेत 5 बच्चे अनाथ

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अहमदपुर ग्राम पंचायत के पूरे नजर अली में एक पति द्वारा पत्नी की पिटाई से मौत का मामला सामने आया है। राजकुमार और उसकी पत्नी प्रेमलता ने शराब पी थी। इसके बाद दोनों में किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि राजकुमार ने प्रेमलता की पिटाई कर दी। पिटाई के बाद प्रेमलता जमीन पर गिर पड़ी। ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी मिली, तो वे उसे चौपाइयां स्थित अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने प्रेमलता को मृत घोषित कर दिया। मृतका प्रेमलता के पांच बच्चे हैं - अमन, रमन, आरजू, कामिनी और सोमिनी। सबसे छोटा बच्चा मात्र 8 महीने का है, जो अभी मां का दूध पी रहा था। दूध न मिलने के कारण बेटी आरजू का रो-रोकर बुरा हाल है। पड़ोसियों ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने आरोपी पति राजकुमार को गिरफ्तार कर लिया है। थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार के अनुसार, शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और प्राप्त तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाही की जाएगी।

# चलती ट्रेन पकड़ने में फिसला यात्री, पैर कटा

## अलीगढ़ में एंबुलेंस नहीं आई तो आरपीएफ जवानों ने स्ट्रेचर 1ङट दूर अस्पताल पहुंचाया, झारखंड का निवासी है घायल

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, जंक्शन रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन पकड़ने के दौरान एक यात्री का पैर फिसल गया। जिसके कारण वह ट्रेन की चपेट में आ गया और उसका एक पैर कट गया। जब रेलवे अधिकारियों को इसकी जानकारी हुई तो मौके पर स्टेशन अधीक्षक और आरपीएफ का स्टाफ पहुंच गया। रेलवे चिकित्सक डॉ एएस देव ने घायल को प्राथमिक उपचार दिया, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन 108 पर सूचना देने के बाद भी काफी देर तक एंबुलेंस नहीं आई। जिसके बाद रेलवे सुरक्षा बल के स्टाफ ने स्ट्रेचर के जरिए ही मलखान सिंह जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां से घायल को जेएन मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। आरपीएफ पोस्ट कमांडर इंस्पेक्टर अमित सिंह ने बताया कि घटना दोपहर लगभग 2 बजे की है। ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह ने फोन से सूचना दी कि गाड़ी संख्या 04190 प्लेटफार्म नंबर 7 पर ट्रेन में चढ़ने के दौरान पैर कट गया है। इसकी सूचना पर एएसआई प्रेमपाल सिंह और आरपीएफ स्टाफ घटना स्थल पर पहुंचा। जहां पर मूल रूप से झारखंड निवासी व्यक्ति कमल किस्पोट्टा पुत्र प्रवीण किस्पोट्टा घायल अवस्था में थे। वह मूल रूप से जिला पलामू के थाना कोतवाली डाल्टनगंज के रहने वाले है। जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि घायल व्यक्ति अलीगढ़ से रूरा जा रहे थे।

## संक्षेप

### बेरियाट्रिक सर्जरी कराने पर महिला की मौत

**परिजन बोले–डॉक्टर ने स्टिच ठीक से नहीं लगाया, बॉडी में इन्फेक्शन फैला; हंगामा**

मेरठ, बेरियाट्रिक सर्जरी कराने के बाद महिला की मौत हो गई है। महिला ने न्यूटिमा अस्पताल में 11 जुलाई को बेरियाट्रिक सर्जरी कराई थी। घरवालों का आरोप है कि सर्जरी करने वाले डॉक्टर ने स्टिच ठीक से नहीं लगाए, जिसके कारण उसकी बॉडी में इन्फेक्शन फैल गया। इससे मौत हो गई। इसके बाद अस्पताल में जमकर हंगामा किया। डॉक्टर और स्टाफ पर कार्रवाई करने की मांग की। पूरा मामला न्यूटिमा अस्पताल का है। जहां भाजपा नेता और महानगर महामंत्री अरविंद गुप्ता मारवाड़ी की सगी छोटी बहन रजनी गुप्ता का 11 जुलाई को बैरियाट्रिक सर्जरी हुई थी। रजनी गुप्ता उम्र 55 साल वाइफ ऑफ ब्रजमोहन गुप्ता ने यहां डॉ. ऋषि सिंघल से अपना इलाज कराया था। घरवालों का आरोप है कि डॉ. ने सही से इलाज नहीं किया। जिसकी वजह से रजनी के पेट में सर्जरी के बाद फ्लूड जमा हो गया और इंफेक्शन फैलने लगा। परिजनों ने बताया कि रजनी और उसकी 28 साल की बेटी शिवानी दोनों ओवरवेट थीं। तब दोनों ने मिलकर यह ऑपरेशन कराया था। 11 जुलाई को ऑपरेशन हुआ। इसके बाद दूसरे दिन ही मां की तबियत बिगड़ने लगी। मां के पेट में काफी दर्द था। जब डॉक्टर से कंसल्ट किया कि तो उन्होंने कहा कि नॉर्मल सर्जरी का दर्द है होता है। विक्स लगाने से सही हो जाएगा। लेकिन महिला का दर्द सहीं नहीं हुआ। दोनों के ऑपरेशन के लगभग 3 लाख 70हजार की फीस लगी थी। 13 जुलाई को जब परेशानी बढ़ने लगी तब परिजनों ने दोबारा डॉक्टर से कंसल्ट किया। अस्पताल जाकर जांच कराई। एक्सरे कराया तो पेट के आसपास फ्लूड मिला। स्टिच ठीक न होने के कारण लीकेज हो गया और फ्लूड बॉडी में फैल गया। लगभग 700 ग्राम फ्लूड महिला की बॉडी में मिला। 14 जुलाई को दोबारा महिला का ऑपरेशन कराया गया और हालत बिगड़ गई। दोबारा ऑपरेशन के बाद महिला का हार्ट कोलेप्स कर गया। सूचना पर किठौर विधायक शाहिद मंजूर भी मौके पर पहुंचे। किठौर विधायक के पहुंचने के बाद महिला को डॉक्टरों ने वेंटिलेटर पर शिफ्ट किया।

### गिरनार पर्वत की पांचवीं टोंक पर जैन समाज का विरोध

**पूजा के अधिकार से वंचित करने का आरोप, कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन**

मेरठ, जूनागढ़ स्थित गिरनार पर्वत की पांचवीं टोंक पर जैन समाज को पूजा करने से रोके जाने का मामला सामने आया है। भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश जैन ऋतुराज के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जैन समाज का कहना है कि 2 जुलाई को देशभर से आए हजारों श्रद्धालुओं को पूजा करने से रोका गया। श्रद्धालुओं को जयकारे लगाने और प्रसाद चढ़ाने की भी अनुमति नहीं दी गई। पुलिस ने 10 से अधिक स्थानों पर चेकिंग की। श्रद्धालुओं से पूजा सामग्री छीन ली गई और महिला श्रद्धालुओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। गिरनार पर्वत जैन धर्म का प्रमुख तीर्थ स्थल है, जहां 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ ने तपस्या की और मोक्ष प्राप्त किया।

## उर्वरक की 33 दुकानों पर डीएम का छापा, नहीं मिले कर्मचारी

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में उर्वरक की दुकानों पर छापे डालने के लिए चार टीमों का गठन किया गया। इस दौरान कुल 33 छापे डाले गए और गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु उर्वरक के आठ नमूने लिए गए। बिहटा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी बिहटा विकासखंड छाता द्वारा पांच किसानों को उनके जमीनों के अभिलेख देखे बिना 50-50 बोरी यूरिया बिक्री की गई जिसके कारण तत्काल प्रभाव से इनका लाइसेंस निरस्त किया गया। वितरण एवं स्टॉक रजिस्टर तथा स्टॉक एवं रेट बोर्ड न होने के कारण भूमित्र खाद एवं बीज एजेंसी

### अनियमितताएं मिलने पर लाइसेंस निरस्त

चौमुंहा का लाइसेंस निलंबित किया गया। किसानों को बिना अभिलेख देखें अधिक मात्रा में यूरिया एवं डीएपी की बिक्री करने के कारण एग्री जंक्शन जाचौड़ा. साधन सहकारी समिति बरसाना एवं सहकारी संघ लिमिटेड बरसाना को कारण बताओं



नोटिस जारी किया गया। इसके साथ ही सहकारी समिति बरसाना पर पोस मशीन में 50 बोरी डीएपी प्रदर्शित हो रही थी परंतु मौके पर केवल तीन बोरी डीएपी पाई गई। वहीं दूसरी ओर सहकारी संघ लिमिटेड बरसाना पर एक ही दिन में डीएपी की 263 बोरी की बिक्री दिखाई गई जो संदिग्ध प्रतीत हो रही है जिसके कारण

### निरीक्षण में नहीं मिला कोई भी कर्मचारी

मथुरा जिलाधिकारी द्वारा सहकारी समिति रैपुराजाट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सहकारी समिति रैपुराजाट के समस्त कक्षों में ताले लगे हुए पाए गए तथा कोई भी कार्मिक निरीक्षण के समय उपस्थित

नहीं पाया गया। निरीक्षण के दौरान दूरभाष पर वार्ता करने पर सचिव दुर्गा प्रसाद द्वारा अवगत कराया गया कि वह बैंक में हैं तथा अन्य 02 कार्मिक कमल सिंह, आंकिक एवं सुनील सहयोगी भी बैंक में हैं। निरीक्षण के समय सहकारी समिति बंद पाई गई तथा खाद की उपलब्धता का स्टॉक विवरण भी प्रदर्शित नहीं पाया गया। अनुपस्थित पाए गए समस्त कार्मिकों का तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कोई भी समिति निरीक्षण के दौरान यदि बंद पाई जाती है, तो संबंधित के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही की जाएगी।

### इन दोनों समितियां को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया।

जनपद के सभी उर्वरक विक्रेता सुनिश्चित कर ले कि प्रत्येक उर्वरक विक्रेता के प्रतिष्ठान पर स्टॉक रजिस्टर बिक्री रजिस्टर स्टॉक एवं रेट बोर्ड अनिवार्य रूप से होना चाहिए। सभी उर्वरक विक्रेता किसानों को निर्धारित दर पर ही यूरिया डीएपी की बिक्री करें तथा किसी भी किसान को यूरिया डीएपी के साथ अन्य कम प्रचलित उर्वरकों की टैगिंग ना करें अन्यथा उनके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कार्रवाई की जाएगी। जनपद में 15468 मैट्रिक टन यूरिया एवं 3701 मैट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। किसान यूरिया एवं डीएपी का आवश्यकता अनुसार ही प्रयोग करें भविष्य में भी यूरिया डीएपी मिलती रहेगी। इसलिए अनावश्यक भंडारण ना करें।

## प्रेमी युवक ने प्रेमिका का गला दबाकर कर दी हत्या

## खुद फोन कर प्रेमिका को बुलाया था कमरे पर

**हत्या के बाद नशे की हालत में युवक पहुंचा कृष्णा नगर पुलिस चौकी पुलिस के सामने किया सरेंडर बोला सर मुझसे गलती हो गई**

अमन देखनी समाचार



कृष्णा नगर में कॉस्मेटिक की दुकान पर काम करती थी मोनिका जिसके चलते दोनों के प्रेम संबंध हो गए थे शहर मथुरा में एक प्रेमी युवक ने अपनी प्रेमिका को सिर्फ मामूली कहां सनी के दौरान नशे में दूध प्रेमी ने गुस्से में आकर अपनी प्रेमिका का गला दबाकर हत्या कर दी मथुरा थाना कोतवाली क्षेत्र की राधा नगर कॉलोनी में बुधवार को शादीशुदा प्रेमी ने प्रेमिका की गला दबाकर हत्या कर दी। उसने खुद ही फोन कर उसे कमरे पर बुलाया था। हत्या के बाद वह कमरे का ताला लगाकर नशे की हालत में कृष्णानगर चौकी पहुंचा और बोल कि उससे गलती हो गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और मौके पर पहुंची तो युवती का शव कमरे में पड़ा मिला। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। सीओ सिटी भूषण वर्मा ने बताया कि फतेहपुर सीकरी निवासी राहुल राजपूत कृष्णानगर बाजार में महिलाओं को मेंहदी लगाने का काम करता है। करीब तीन साल पहले कृष्णानगर में कॉस्मेटिक की दुकान पर काम करने वाली मोनिका (22) से उसकी जान पहचान हुई। इसके बाद दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए। दो माह पहले युवक ने प्रेमिका की कॉलोनी में ही एक कमरा किराए पर ले लिया। यहीं पर दोनों मिलते थे। बुधवार को सुबह आरोपी ने मोनिका को मिलने के लिए कमरे पर बुलाया था। सुबह 10 बजे दुकान जाने की बात कहकर घर से निकली मोनिका दुकान न जाकर सीधे राहुल से मिलने कमरे पर पहुंच गई। यहां दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के बाद युवक को इतना गुस्सा आया कि उसने प्रेमिका की गला दबाकर हत्या कर दी

## डॉक्टर से 1.80 लाख लूटने वाला दूसरा बदमाश भी पकड़ा गया

अमन लेखनी समाचार


मगोर्रा थाना मगोर्रा क्षेत्र के नगला रतू गांव में चिकित्सक के साथ हुयी 1.80 लाख रुपये की लूट की वारदात में शामिल एक और बदमाश को पुलिस ने पकड लिया है, इससे पूर्व इसके एक साथी को स्थानीय लोगों के सहयोग से लूट के दौरान पकड लिया था। पुलिस ने इनके पास से 1.70 लाख रुपये की नकदी भी बरामद कर ली। मिली जानकारी के अनुसार नगला रतू निवासी डॉ. दिगंबर सिंह केएम अस्पताल में चिकित्सक हैं। उनके बीमार भाई का इलाज कराने के लिए उन्होंने अपने एक रिश्तेदार से 1.80 लाख रुपये की व्यवस्था की थी। यह राशि रिश्तेदार ने उन्हें मगोर्रा स्थित एसबीआई शाखा से निकाल कर दी, जिसे डॉ. सिंह ने अपने बैग में रख लिया और बाइक से सौंख की ओर रवाना हो गए। बैंक से कुछ ही दूरी पर सुनसान रास्ते पर बाइक सवार दो बदमाशों ने पीछे से आकर उनके हाथ से रुपयों से भरा बैग झपट लिया और भागने लगे। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण सक्रिय हो गए और उनमें से एक बदमाश को दौड़ाकर पकड़ लिया। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पैसों से भरा बैग फेंक दिया, लेकिन इसी दौरान एक बदमाश भीड़ से बच निकलने में सफल रहा और करीब एक लाख रुपये उठाकर भाग गया। सूचना पर थाना मगोर्रा पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गए बदमाश को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बाद में जनता की मदद से पुलिस ने दूसरे फरार बदमाश भूरा पुत्र निहाल सिंह निवासी लठाकुरी को कमलपुरा नगला धाम के पास से दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों लुटेरे योगेश पुत्र मोहन सिंह और भूरा मगोर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम लठाकुरी के निवासी हैं। पुलिस ने दोनों से कुल 1.70 लाख रुपये की लूटी गई नकदी बरामद कर ली है।

## औचक निरीक्षण : छात्रों को पढ़ाया डीएम ने बच्चों से पूछा कैसा पढ़ाते हैं टीचर

**अनुपस्थित मिले कर्मचारी, स्कूल परिसर में मिली गंदगी**

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। जिलाधिकारी ने राया के ग्राम गौसना में स्थित प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र गौसना एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर आरोग्य परमं धनम् उपकेंद्र गौसना का जायजा लिया। उक्त दोनों केन्द्र मौके पर बंद मिले जिस पर अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने स्कूल में संचालित स्मार्ट क्लास में बच्चों से जाकर गिनती, गणित के सवाल और कविता सुनी। जिलाधिकारी को एक बच्चे ने 01 से लेकर 35 तक गिनती सुनाई, एक बच्ची ने कविता सुनाई, जिसपर जिलाधिकारी ने उत्साहवर्धन करते हुए ताली बजाई। क्लास में पढ़ रहे बच्चों से पूछा कि मास्टर साहब अच्छा पढ़ाते हैं या नहीं, जिसपर बच्चों ने कहा कि



मास्टर साहब बढ़िया पढ़ाते हैं। जिलाधिकारी ने मिड डे मील की गुणवत्ता की जानकारी ली तथा बच्चों से पूछा कि आज क्या खाना खाया है। जिलाधिकारी ने स्कूल परिसर का निरीक्षण किया, जिसमें गंदगी मिलने पर नाराजगी जाहिर की और अध्यापकों को फटकार लगाते हुए स्कूल की छुट्टी होने के बाद तत्काल साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने परिसर में लगे हैण्डपम्प को चलाया और पानी की गुणवत्ता को चेक किया। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान को निर्देश दिये कि स्कूल परिसर में प्रतिदिन सफाई की जाये, शौचालय की सफाई सुनिश्चित करें, शौचालय में पानी की व्यवस्था हो, स्कूल परिसर को एकरूपी करते हुए जहां जरूरत पड़े वहां इंटरलॉकिंग टाइल लगायें। इसके बाद जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सभी कक्षाओं में जाकर बारी बारी से स्कूली छात्र छात्राओं को पढ़ाया, उनसे गिनती, पहाड़े, एबीसीडी, कविता आदि की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने एक बच्ची से चार का पहाड़ा भी सुना। जिलाधिकारी ने बच्चों की उपस्थिति रजिस्टर तथा अध्यापकों की उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार छात्रा की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर में गुरुवार को दिन में करीब 1 बजे एक विद्यालय की छात्रा की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो से दर्दनाक मौत हो गई जानकारी के अनुसार 15 वर्षीय छात्रा भूमिका देवी पुत्री उमेश कुशवाहा एक विद्यालय में दसवीं की छात्रा थी विद्यालय की छुट्टी होने पर वह बाइक में बैठकर वापस जा रही थी तभी सामने से पोजेपुर के समीप तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने जोर दार टक्कर मारी जिससे छात्रा की मौत मौके पर हो गई और मौके पर भारी भीड़ इकठ्ठा हो गई बताया जाता है कि बाइक चालक प्रियांशू पुत्र अजीत कुमार निवासी भवानी सिंह का पुरवा कानपुर में एक विद्यालय में 11 वी का छात्र है उसे भी कच्चे नाले में गिरने के कारण चोट आई है जिसे उपचार के बाद छुट्टी दे दी गईवही मौके पर पुलिस प्रशासन जहानाबाद थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने जीवित होने की आशा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद में ले गए जहां पर चिकत्सको में उसे मृत घोषित कर दिया घटना की जानकारी परिजनों को मिलते ही रो रो कर बेहाल हो गए। वही थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि मृतका छात्रा का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है

## होमगार्ड जवान को गोली मारने वाले लॉयन्स ग्रुप बजौटा के दो शार्प शूटर मुठभेड़ में जख्मी

**होमगार्ड को इन्हीं ने मारी थी गोली, गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। लॉयन्स ग्रुप बजौटा के दो शार्प शूटरों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद लगी गोली के दौरान हिरासत में लिया है। इनके पास से दो तमंचे, चार कारतूस और एक बाइक मिली है। नौहझील पुलिस द्वारा शिवम चौधरी (22) पुत्र हरवीर उर्फ हब्बो दाऊजी नगर कस्बा बाजना के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस, मनीष चौधरी (23) पुत्र सुखवीर सिंह ग्राम जरैलिया नौहझील के पास से एक अदद तमंचा 12 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर व दोनो के पास से एक बाईक प्लसर काले रंग की बरामद हुई है। पुलिस ने बताया गत 14 जुलाई को ड्यूटी से घर लौट रहे होमगार्ड जवान को कुछ बदमाशो द्वारा जान से मारने की नीयत से फायर कर घायल कर दिया गया जो आगरा अस्पताल मे उपचाराधीन है। उक्त गैंग के बदमाश इंस्टाग्राम पर द लॉयन्स ग्रुप बजौटा के नाम से ग्रुप बनाकर सोशल मीडिया पर अवैध शस्त्र का प्रचार-प्रसार व भडकाऊ विडियो बनाकर जनता मे भय व्याप्त करते है। गौरक्षक बनकर ग्वालो व पशु व्यापारियो के साथ अवैध वसूली हेतु मारपीट व धमकी देकर अपने शौक पूरे करते है। कुछ भले लोग इनकी शिकायत पुलिस तक नही करते और ये उनसे दबाव बनाकर पैसे लेते है और राजीनामा करा लेते है। हरियाणा व पंजाब के बदमाशी वाले गानो पर रील बनाकर नवयुवकों को अपने गैंग मे जोडते है और उन्हे अवैध शस्त्र उपलब्ध कराने व्यवस्था भी करते है। इस गैंग की ओर गहराई छानबीन व शस्त्र उपलब्ध कराने के स्त्रोत की जानकारी की जा रही है। ये गैंग वर्दी वाले होमगार्ड व पुलिस पार्टी पर भी फायर करने व उन पर बदमाशी की रील बनाकर जनता मे भय का माहौल की से पैदा कर रहे है। गत 14 जुलाई को भी इन्होने उत्तर प्रदेश होमगार्ड के जवान पर अंधाधुंध फायरिंग की जिसमे उसके पेट मे व सिर के पास से गोली लगने से वो गम्भीर रूप से घायल हो गया। 16 जुलाई को मुखबिर द्वारा नौहझील पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि होमगार्ड के जवान को गोली मारने वाले नामजद आज फिर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में आये है उक्त सूचना पर थाना नौहझील पुलिस द्वारा मानागढी रोड पर अंडरपास एक्सप्रेसवे के पास घेराबंदी की गई तो इनरे द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायरिंग की गई जिसमें पुलिस द्वारा बचाव में की गई फायरिंग में दोनो बदमाशों के पैरो में गोली लगने से घायल हो गये।

## शर्मा गन हाउस के संचालक को ले गयी राजस्थान पुलिस

**अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त का है मामला**

अमन लेखनी समाचार




मथुरा शहर के व्यस्ततम होलीगेट चौराहा क्षेत्र स्थित एक आर्म्स हाउस की दुकान पर राजस्थान पुलिस शर्मा गन हाउस दुकान संचालक को गिरफ्तार करने के लिये आयी थी जिसे पकड़कर वह अपने साथ ले गयी। मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान के प्रतापगढ जनपद के छोटीसादड़ी थाना क्षेत्र में अवैध शस्त्रों की खरीद-फरोख्त में पकड़े गये लोगों से मिली जानकारी के आधार पर राजस्थान पुलिस आज मथुरा आयी और शहर के होलीगेट चौराहा क्षेत्र स्थित शर्मा गन हाउस से इसके संचालक गोपाल शर्मा पुत्र नंदलाल शर्मा निवासी डैम्पियर नगर को पकड़कर शहर कोतवाली ले गयी। यह सूचना लगते ही संचालक के परिवार के लोग रिश्तेदार और जानकार लोग भी कोतवाली पहुंचे और मामले की जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन तक यहां आमद कराने के बाद पुलिस गन हाउस संचालक को राजस्थान लेकर रवाना हो गयी। तब इस संबंध में शहर कोतवाली प्रभारी देवपाल सिंह पुण्डीर ने बताया कि प्रतापगढ के छोटी साधुड़ी थाना क्षेत्र में अपराध संख्या 175/2025 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है, जिसमें पकड़े गये आरोपियों द्वारा पुलिस पूछताछ में बताया था कि उनके पास से मिले हथियार मथुरा के होलीगेट चौराहे स्थित शर्मा गन हाउस से खरीदे गये हैं, इसी सिलसिले में राजस्थान पुलिस आयी थी और संचालक को अपने साथ ले गयी। सूत्र बताते हैं कि आरोपियों ने ने होलीगेट स्थित इस दुकान से जो हथियार खरीदे थे उनमें कई विदेशी रिवॉल्वर भी शामिल थीं। जंगल में छिपा मिला था देशी-विदेशी हथियारों का जखीरा राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले की छोटीसादड़ी पुलिस ने देशी विदेशी हथियार सप्लाई करने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया था। संभवतः मथुरा से गन हाउस संचालक को राजस्थान पुलिस द्वारा पकड़ा जाना इसी मामले से जुड़ा हुआ है। बीती 28 जून को छोटी सादड़ी थाना पुलिस ने झालावाड़ के गंगधार निवासी राकेश राठौर को ऑटोमेटिक पिस्टल और दो दो खाली मैगजीन के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने कुख्यात बदमाश मध्य प्रदेश के नागदा निवासी सलमान खान और बाबू फकीर उर्फ बाबू शूटर को हथियार सप्लाई करने की बात कबूल की थी। बाबू फकीर की तो मौत हो चुकी है लेकिन सलमान बांसवाड़ा की जिला जेल में बंद था, जिसे प्रोडक्शन वारंट के जरिए गिरफ्तार किया गया। सलमान पर 16 संगीन अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने सलमान की निशानदेही पर छोटी सादड़ी इलाके के भाटखेड़ी जंगलों से बड़ी मात्रा में देशी विदेशी हथियारों का जखीरा बरामद किया था। हथियारों के इस जखीरे में ऑटोमेटिक पिस्टल, जिंदा कारतूस, बंदुक आदि शामिल थी। पुलिस पूछताछ के दौरान सलमान ने बताया कि उसने यह हथियार धौलपुर निवासी कुख्यात बदमाश जितेंद्र सिंह, मध्य प्रदेश के एटा निवासी कृष्णपाल उर्फ केपी और उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद निवासी धीरेंद्र सिंह से खरीदे थे। इस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों हथियार सप्लायरों को गिरफ्तार कर लिया। हथियार सप्लायरों की इस अंतर्राज्यीय गैंग में शामिल बदमाशों से पूछता पूछताछ की गयी जिसके बाद और भी लोगों की गिरफ्तारी और हथियारों की बरामदगी की बात राजस्थान पुलिस ने कही थी। संभवतः मथुरा आयी पुलिस इसी सिलसिले में संचालक को अपने साथ ले गयी है।

## डॉ के एन मोदी कॉलेज में एनसीसी भर्ती

**266 छात्रों में से 50 का चयन, शारीरिक माप और साक्षात्कार के बाद फाइनल लिस्ट**

अमन लेखनी समाचार



मोदीनगर, डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई। 35 यूपी वाहिनी एनसीसी मोदीनगर के तत्वाधान में यह भर्ती की गई। वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पीयूष कुमार सिंह और कॉलेज प्रधानाचार्य सतीश चंद अग्रवाल के निर्देशन में भर्ती प्रक्रिया चली। इसमें नौवीं कक्षा के 266 छात्रों ने भाग लिया। कॉलेज के एनसीसी अधिकारी प्रवीण जैनर ने बताया कि भर्ती में छात्रों की शारीरिक माप-तौल और मेडिकल चेकअप किया गया। साक्षात्कार और लिखित परीक्षा के बाद 50 छात्रों का चयन किया गया। प्रवीण जैनर ने चयनित छात्रों को एनसीसी कैडेट्स की जिम्मेदारियों से अवगत कराया। उन्होंने कैडेट्स को पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण और सामाजिक बुराइयों को दूर करने में मदद करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य डॉ. सतीश चंद अग्रवाल ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स का समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। लेफ्टिनेंट राजीव जांगिड़ ने सभी चयनित कैडेट्स को बधाई दी। उन्होंने कैडेट्स को एनसीसी के ध्येय एकता और अनुशासन का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में वाहिनी के सूबेदार नारध्वज थापा, हवलदार पवन कोशल, हवलदार संतोष, शारीरिक शिक्षक राजीव सिंह और एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

## ग्राइंडर गे ऐप पर लोगों से करते दोस्ती

**समलैंगिक संबंध बनाने का ऑफर देकर करते लूटपाट, 4 को पुलिस ने पकड़ा**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, ग्राइंडर गे डेटिंग ऐप के जरिए लोगों से धोखाधड़ी करने वाले गैंग के चार लोगों को नोएडा थाना सेक्टर-24 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये लोग ऐप के जरिए लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते थे। इसके बाद चेटिंग करके उनको अपने जाल में फंसाते है। फिर सुनसान इलाके में ले जाकर उनके साथ लूटपाट करते है। इनके पास से कई लोगों का डेटा भी मिला है। इसके अलावा दो बाइक, फर्जी नंबर प्लेट 4 मोबाइल फोन और कैश मिला है। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि ये लोग पिछले एक साल से सक्रिय है। इनको थाना सेक्टर-24 पुलिस व सर्विलांस टीम की मदद से मदर डेयरी सेक्टर 11 चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान अरबाज, विशाल कुमार, उस्मान और हिमांशु के रूप में हुई है। अब 12 से ज्यादा लोगों को



ये अपना शिकार बना चुके है। इनके मोबाइल डेटा के जरिए पीड़ितों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। ये लोग ग्राइंडर गे ऐप पर लड़कों से दोस्ती करते है। इसके बाद उनको समलैंगिक संबंध बनाने का ऑफर देते है। ऑफर एक्सेप्ट होने पर ये लोग व्यक्ति को किसी सुनसान इलाके में बुलाते है। वहां तमंचा और हथियार के बल पर उससे लूटपाट करते है। लूटपाट के जरिए मिलने वाले पैसे ये लोग मौज मस्ती के लिए खर्च करते है। इनके गैंग का लीडर विशाल है। सिर्फ विशाल ही 11वीं तक पढ़ा है। बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि हम चारों लोग नशा करने के लिये पार्क में मिलते रहते थे। वही हम लोगों ने इस ऐप के माध्यम से लोगों के साथ धोखाधडी करने की योजना बनाई।

## राशन डीलरों का विरोध प्रदर्शन

**6 माह से नहीं मिला कमीशन**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, जिला मुख्यालय पर सैकड़ों की संख्या में कोटेदारों (राशन डीलर) ने एकत्र होकर उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने कमीशन बढ़ाए जाने और लंबित भुगतान को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। कोटेदारों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में खाद्यान्न वितरण पर 90 रुपए प्रति क्विंटल का कमीशन दिया जाता है, जो देश के अन्य राज्यों की तुलना में बेहद कम है। हरियाणा, गुजरात, गोवा और दिल्ली जैसे राज्यों में यह राशि 200 से 250 प्रति क्विंटल तक है। इसके अलावा, पिछले छह महीने से उन्हें बकाया कमीशन भी नहीं मिला है, जिससे उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे राशन डीलर सुधीर कुमार ने बताया कि हम पिछले 6 महीने से बिना किसी भुगतान के राशन वितरण कर रहे हैं। हमारा पूरा परिवार इस कार्य में लगा है। लेकिन अब 90 रुपए के कमीशन में गुजारा करना असंभव हो गया है। हम अपने निजी खर्च तक नहीं चला पा रहे हैं। कोटेदारों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों पर शीघ्र सुनवाई नहीं हुई, तो वे लखनऊ स्थित जवाहर भवन का घेराव करेंगे और अनिश्चितकालीन हड़ताल पर भी जा सकते हैं। कोटेदारों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन के



बाद ज्ञापन सौंपा। लेकिन देर शाम तक प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया। प्रदर्शन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखी गई, लेकिन राशन डीलरों में गहरा आक्रोश देखने को मिला।

## तालाब में तैरता मिला युवक का शव,जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। जरिया थाना क्षेत्र के करियारी गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई जब ग्रामीणों ने सुबह गांव के एक तालाब में एक युवक का शव उतराता हुआ देखा।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से निकलवाया।शिनाख्त के बाद मृतक की पहचान गांव निवासी 45 वर्षीय अरविंद कुमार के रूप में हुई है।फिलहाल परिजन घटना को लेकर कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं हैं और न ही उन्होंने पुलिस को कोई तहरीर सौंपी है।अरविंद तालाब में कैसे डूबा, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।इस संबंध में सीओ सरीला राज कुमार पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।गांव में इस घटना से शोक को लहर है और परिजनों में कोहराम मचा है।

## प्रभारी मंत्री ने जिला योजना समिति/विकास कार्यो/बाढ़ पूर्व तैयारियों के साथ अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों की व्यवस्थाओं की समीक्षा

### प्रभारी मंत्री ने सी0एम0ओ0, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी एवं विद्युत को सख्त निर्देश दिए है कि अपने-अपने विभागों में व्याप्त विसंगतियों को सुधारें, अन्यथा होगी कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार /उमेश दीक्षित



हमीरपुर। राज्य मंत्री, जलशक्ति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार/ प्रभारी मंत्री जनपद हमीरपुर रामकेश निषाद द्वारा नियत कार्यक्रम के तहत बाढ़ क्षेत्रों (बेतवा तथा यमुना तट), डिग्गी रमेडी एवं बाढ़ राहत शिविर कुछेछा डिग्री कालेज का निरीक्षण किया गया तथा कलेक्ट्रेट स्थित डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार में जिला योजना समिति/विकास कार्यो/बाढ़ पूर्व तैयारियों के साथ अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा पुराने यमुना घाट को सुरक्षित करने तथा संगमहेश्वर मन्दिर के बचाव हेतु कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी कहा गया कि बाढ़ के समय जनमानस को आवश्यक सुविधाएँ/राहत उपलब्ध करायी जाए ताकि लोगो को समस्याएँ उत्पन्न न हो। इसके साथ ही जिला योजना समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 की वित्तीय व भौतिक प्रगति की विस्तृत जानकारी ली गयी, जिसमें बताया गया कि विभिन्न विभागीय विकास योजनाओं हेतु कुल 28703.20 लाख रुपए की धनराशि अवमुक्त की गयी, जिसके सापेक्ष 28624.08 लाख रुपए का क्रमिक व्यय कर लिया गया है।इस अवसर पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना द्वारा जनपद की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बारे में बताया गया कि सी0एम0 डैशबोर्ड पर विकास प्राथमिकता कार्यक्रम में जनपद को माह दिसम्बर 2024 व मार्च एवं जून 2025 में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आईजीआरएस के निस्तारण में भी उच्च रैंक प्राप्त हुई है तथा वृक्षारोपण महा अभियान 2025 में निर्धारित लक्ष्य 75.062 लाख के सापेक्ष 75.25 लाख पौधे ''एक पेड़ माँ के नाम'' पर रोपित किये गये है।एनआरएलएम के अन्तर्गत बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर के द्वारा 216 ग्रामों में 198.28 करोड़ का भुगतान महिला पशुपालकों को किया गया है। इसके अलावा 78 विद्युत सखियों द्वारा 20,10,95,223 रुपए का विद्युत बिल का कलेक्शन किया गया है, जिसमें विद्युत सखियों को 16,30,930 रुपए का कमीशन प्राप्त हुआ है। समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने जनपद की उपलब्धियों को लेकर जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में अच्छा काम किया जा रहा है, किन्तु चिकित्सा, लोक निर्माण एवं विद्युत विभाग के कार्यो में कमियाँ देखने को मिल रही है। इनके सम्बध में जनप्रतिनिधियों/मीडिया का फीडबैक भी अच्छा नही है। इसके संबंध में प्रभारी मंत्री ने सी0एम0ओ0, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी एवं विद्युत को सख्त निर्देश दिए है कि अपने-अपने विभागों में व्याप्त विसंगतियों को सुधारें, अन्यथा कार्यवाही होगी।उन्होने बताया कि ऐसा संज्ञान में आया है कि कई डॉक्टर नौकरी यहाँ कर रहे है और प्रैक्टिस कानुपर या अन्य जगह करते है जो कदापि स्वीकार्य नही है।

## राजीव निगम बने ब्लाक अध्यक्ष

### प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लाक इकाई का हुआ चुनाव

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ का निर्वाचन कार्य जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार साहू की अध्यक्षता में कस्बे के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुआ। निर्वाचन में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष रामप्रकाश साहू मौजूद रहे।जिलाध्यक्ष ने बताया कि सर्वप्रथम ब्लॉक की इकाई के निर्वाचन में अध्यक्ष हेतु दो नामांकन राजीव कुमार निगम एवं अनिल कुमार आए। बाद में आम सहमति बन जाने पर उच्च प्राथमिक विद्यालय विदोखर के शिक्षक राजीव कुमार निगम को निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष घोषित किया गया। ब्लॉक मंत्री पद पर धर्मेंद्र कुमार यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर हैदर खान, कोषाध्यक्ष पद पर सुनील श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री पद पर पुरुषोत्तम, ब्लॉक उपाध्यक्ष प्रभादेवी, आलोक गुप्ता, अजय नारायण मिश्रा, संगठन मंत्री राजेंद्र वर्मा, राधेश्याम, अमर सिंह, महजबी फातमा, प्रचार मंत्री महेश अनुरागी,महेंद्र पांडे, वीरपाल, संगठन मंत्री नौशाद खान, मीडिया प्रभारी रविकरण, संरक्षक संतोष बाबू सोनकर निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष ने शिक्षकों की हर संभव मदद करने का वायदा किया। ब्लॉक मंत्री ने कहा कि निडर होकर शिक्षकों को संगठन का सहयोग करना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष रामप्रकाश साहू ने कहा विद्यालयों का जबरन विलय करने का पुरजोर विरोध किया जाएगा। बैठक निर्वाचन में नईमुद्दीन, ब्लॉक अध्यक्ष अम्बरीष, रमाशंकर,गया प्रसाद, चंद्रभान, राधेश्याम, संतराम वर्मा, दिनेश सिंह,रामरूप साहू, किशोर सिंह, राजेश पथिक आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## ट्रक की टक्कर से ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से हुआ घायल, झाँसी के लिए किया रेफर

अमन लेखनी समाचार

महोबा। खन्ना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिचारा में पावर हाउस के पास बीते रोज ट्रक ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी हादसे में ई रिक्शा चालक जयराम श्रीवास ग्राम चिचारा निवासी बुरी तरीके से घायल हो गए। एक्सीडेंट के मामले को सुनकर वहां पर कोहराम मच गया।देखते ही देखते भीड़ इकट्ठा हो गई लोगों ने तुरंत 112 को फोन किया और खन्ना थाने में भी पुलिस को सूचना दी खन्ना थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तुरंत खन्ना टोल प्लाजा की एंबुलेंस को बुलाकर ई रिक्शा चालक जयराम श्रीवास को इलाज के लिए कबरई अस्पताल के लिए रेफर किया गया फिर इसके बाद सीधा झांसी रेफर किया गया सोचने वाली बात है कि जनपद में इतनी बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था नहीं है कि किसी भी व्यक्ति का इमरजेंसी में उचित ट्रीटमेंट हो सके झांसी जाने में लगभग तीन से चार घंटे का समय लगता है जिससे मरीज की हालत और बिगड़ जाती है

## वीरपुरा से चित्रकूट धाम के लिए भक्तों का जत्था हुआ रवाना



ग्राम प्रधान ने श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। ग्राम पंचायत वीरपुरा से गुरुवार को धर्म नगरी चित्रकूट धाम स्थित प्रभु श्री कामतानाथ जी के दर्शन और परिक्रमा के लिये भक्तों का जत्था रवाना हो गया।ग्राम प्रधान नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने तिलक लगाकर और उपहार देकर यात्रा में शामिल भक्तों के जत्थे को रवाना किया।इस मौके पर निवर्तमान प्रधान जाहर सिंह पटेल, राजेंद्र मुखिया, बालमुकुंद पटेल, किशोरी लंबरदार, धर्मेश पटेल, धर्मपाल पटेल, राजेश, रवि, जितेंद्र गौतम, गोस्वामी ,उदयभान टेलर, मास्टर बब्लू खान, अमान यादव, प्यारे पटवा ,पुष्पेंद्र पटेल, रंजीत पटवा, उस्मान, घना अहिरवार, हरदयाल अहिरवार ,पुष्पेंद्र राठौर ,अशोक पाल, सोम, मुकेश पांचाल, अरविन्द कुशवाहा आदि लोगों सहित ग्राम के समस्त धर्म प्रेमियों द्वारा ढोल बाजे के साथ भक्तजनों को रवाना किया।

## किशोरियों के साथ संवाद करते हुए सुरक्षा, अधिकार और कानून संबंधी प्रदान की जानकारी

अमन लेखनी समाचार




महोबा। लोकपथ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित किशोरी सशक्तिकरण परियोजना के अंतर्गत चरखारी ब्लॉक के 8 गाँवों की 35 किशोरी लीडरों का महिला थाना चरखारी एवं विकास खंड कार्यालय का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरी समूह की लीडरों को प्रशासनिक संस्थानों, महिला सुरक्षा तंत्र एवं कल्याणकारी योजनाओं से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ना था ताकि वे स्मार्ट गर्ल्स लीडर के रूप में विकसित होकर अपने समुदाय में सकारात्मक बदलाव की वाहक बन सकें। भ्रमण की शुरूआत महिला थाना चरखारी से हुई जहाँ महिला थानाध्यक्ष नेहा विश्वकर्मा एवं हेड कांस्टेबल सुशीला यादव ने किशोरियों के साथ संवाद करते हुए उन्हें महिलाओं की सुरक्षा, अधिकार और कानून संबंधी जानकारी प्रदान की। विशेष रूप से महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181 और 112 का उपयोग, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के उपाय, बाल विवाह की रोकथाम और घरेलू हिंसा के विरुद्ध कानूनी संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरल और व्यवहारिक जानकारी दी गई। किशोरियों ने अपनी जिज्ञासाएँ प्रकट करते हुए कई प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों ने आत्मीयता और धैर्यपूर्वक उत्तर दिया जिससे किशोरियों में आत्मविश्वास और जागरूकता की भावना और प्रबल हुई। तत्पश्चात प्रतिभागी किशोरी समूह विकास खंड कार्यालय पहुँचा, जहाँ सहायक विकास अधिकारी शेख नदीम एवं सहायक विकास अधिकारी चेतराम वर्मा ने विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मिशन शक्ति, बालिका शिक्षा योजनाएँ, स्वरोजगार एवं कौशल विकास कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी और किशोरियों को प्रोत्साहित किया कि वे इन योजनाओं की जानकारी अपने गाँव की अन्य लड़कियों व अभिभावकों तक पहुँचाएँ ताकि समुदाय स्तर पर भी जागरूकता बढ़े। इस प्रेरणादायक भ्रमण कार्यक्रम में लोकपथ चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से दीपक कुमार सिंह, श्रेया निगम, बृजेंद्र निगम एवं अपर्णा त्रिवेदी उपस्थित रहे, जिन्होंने किशोरियों को समूह नेतृत्व, आत्मनिर्भरता और सामाजिक भागीदारी के महत्व पर भी मार्गदर्शन दिया। संस्था का यह प्रयास आजादी किशोरी समूह की लीडरों को व्यवहारिक अनुभवों एवं सरकारी प्रणाली से परिचय के माध्यम से सशक्त बनाकर उन्हें अपने गाँवों की रोल मॉडल बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। लोकपथ ट्रस्ट का यह दृढ़ विश्वास है कि ग्रामीण किशोरियाँ जब अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और नेतृत्व के प्रति जागरूक होंगी, तभी समाज में सतत और समावेशी विकास संभव हो सकेगा। संस्था भविष्य में भी इसी तरह के व्यवहारिक व प्रेरक कार्यक्रमों के माध्यम से किशोरियों के समग्र सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करती रहेगी।

## डीपीआरओ ने चार सफाई कर्मियों का एक दिन का काटा वेतन

### लापरवाही बरतने पर एडीओ पंचायत एवं सचिव का वेतन रोका

### चन्दपुरवा एवं पचखुरा खुर्द के निरीक्षण पर हुई कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। जिला पंचायत राज अधिकारी ने क्षेत्र की ग्राम पंचायत चंदपूरवा बुजुर्ग एवं पचखुरा खुर्द का निरीक्षण किया। जिसमें आरआरसी सेंटर संचालित न होने के साथ क्रय किए गए ई रिक्शा का उपयोग प्रधानों द्वारा किया जा रहा है।इस पर आपत्ति जताते हुए दोनों ग्राम पंचायत के सफाई कर्मियों के गैर हाजिर मिलने पर एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। वहीं सही ढंग से पर्यवेक्षणीय कार्य न करने पर एडीओ पंचायत एवं लापरवाही बरतने पर वीडीओ का जुलाई माह का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया।बृहस्पतिवार को जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र मिश्रा क्षेत्र के चन्दपुरवा बुजुर्ग का निरीक्षण किया।जिसमें सचिवालय के सामने बालू का डंप होने पर नाराजगी जताई। इसके साथ ही रास्तों में गंदगी होने पर सफाई कर्मी रामशंकर,मनोज कुमार,बीर बहादुर के न आने पर उनका एक दिन का वेतन रोकने की निर्देश दिए। आरआरसी सेंटर निरीक्षण में बंद मिला। वहीं एडीओ पंचायत ने बताया कि कूड़ा उठाने के लिए ई रिक्शा क्रय किया गया है।लेकिन उसे प्रधान अपने निजी कार्यों में लगा रखा है। इसके पश्चात उन्होंने पचखुरा खुर्द में भी निरीक्षण किया।जहां पंचायत भवन एवं रास्तों में गंदगी पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए सफाई कर्मी बीरबल का एक दिन का वेतन रोकने की निर्देश दिए। यहां भी उन्हें आरआरसी केंद्र संचालित नहीं मिलने एवं ई रिक्शा प्रधान के निजी उपयोग किए जाने पर कार्यवाही की निर्देश दिए। शौचालय में भी टाइल्स आदि टूटे होने पर मरम्मत कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने एडीओ पंचायत सुरेश कुमार के प्रवेक्षणीय कार्य शिथिलता एवं सचिव द्वारा लापरवाही बरतने पर जुलाई माह का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए।उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला कंसल्टेंट से तीन दिवस के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है।डीपीआरओ की इस कार्यवाही से पंचायत कर्मियों एवं प्रधानों में हड़कंप मचा हुआ है।

## पुरानी रंजिश के चलते युवक के मारा चाकू गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से सदर अस्पताल के लिए किया गया रिफर

### पुलिस ने अभी तक नही लिखी है रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर। थाना क्षेत्र के शिवनी गांव निवासी युवक के ऊपर पुरानी रंजिश को लेकर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। परिजन घायल को लेकर कुरारा आए। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया है। वही इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई।क्षेत्र के शिवनी गांव निवासी मनीष पुरवार उम्र 26वर्ष को पुरानी रंजिश के चलते गांव निवासी विनय खंगार पुत्र श्याम बाबू ने चाकू से जान लेवा हमला कर घायल कर दिया। परिजन घायल कोलेकर सी एच सी लेकर आए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। मनीष गांव में रहकर खेती किसानी में पिता का सहयोग करता है।इसके पूर्व बुधवार को देर शाम विनय ने मनीष के घर में पत्थर फेंके थे। जिसकी सूचना डायल 112 को दी गई थी। पुलिस आने पर वह मौके से फरार हो गया था।ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक सुबह मनीष किसी कार्य से गांव में गया था। तो उसी समय विनय ने उसे पकड़कर पेट में चाकू मारकर घायल कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे तथा उसे लेकर सी एच सी कुरारा आए जहां से जिला अस्पताल रिफर किया गया है। हमीरपुर से कानपुर रिफर किया गया है।इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची। तथा जांच में जुट गई है। अभी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है

## खाद के लिए इधर-उधर भटक रहे है किसान

अमन लेखनी समाचार

मौदहा हमीरपुर - खरीफ की फसल के लिए किसान रासायनिक खादों के लिए इधर-उधर उर्वरक की तलाश करते देखे जा सकते हैं क्षेत्र का किसान कभी रासायनिक खाद तो कभी उन्नतशील बीजों के लिए के लिए इधर-उधर भटकता रहता है लेकिन सरकारी तंत्र समय पर किसाने की पीड़ा को देखते हुए खाद उपलब्ध नहीं करा पाते जिसका असर किसानों की फसल पड़ता कम पैदावार होती है और किसनो की आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है किसान अपनी पारिवारिक जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ रहता है नगर क्षेत्र में एफसीआई ,क्रय विक्रय,सरकारी समितियां में रासायनिक खाद न होने से किसान प्राइवेट दुकानों से मिलावटी खाद खरीद कर फसलों में डालता है जिसका असर फसलों में पड़ेगा। पीड़ित किसान जुम्मन अली हिमौली निवासी ने बताया कि 10 बीघे में धान की फसल और 15 बीघे में तिल की फसल बोई हुई जिन्हें खाद की नितांत आवश्यकता है लेकिन सरकारी एफसीआई क्रय-विक्रय ,सरकारी समितियां में सरकार द्वारा अभी तक खाद न भेजें जाने से फसले कमजोर हो रही है और जिसकी पैदावार में असर पड़ेगा। मुसीबत का सामना करना पड़ेगा इसी प्रकार अरतरा निवासी बृजेश कुमार खंगार ने बताया कि मैंने धान की फसल लगाई हुई है रासायनिक खादों की बेहद आवश्यकता लेकिन समय पर क्रय विक्रय एफसीआई व सरकारी समितियां में खाद न होने से हमारी फसले बर्बाद हो रही है और संबंधित अधिकारी खाद नहीं पहुंच पा रहे

## जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में बैडमिंटन कोच की हुई तैनाती

अमन लेखनी समाचार

महोबा। जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल निदेशालय की ओर से जिले में बैडमिंटन कोच की तैनाती कर दी गई। जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में कई सालों से बैडमिंटन कोच की तैनाती नहीं थी।इससे इस खेल में कैरिअर बनाने के इच्छुक खिलाड़ी प्रशिक्षण नहीं दे पा रहे थे। खेल निदेशालय लखनऊ के आदेश पर जिला खेल कार्यालय में बैडमिंटन कोच कुनाल पाटकर की नियुक्ति की गई है। जिला क्रीड़ाधिकारी संदीप गुप्ता ने बताया कि बिना कोच के चल रहे बैडमिंटन खेल में अब कोच के आने से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण की सुविधा मिलेगी। उन्होंने 8 साल से 16 साल तक के बच्चों से कार्यालय में पंजीकरण कराकर नियमानुसार प्रशिक्षण शिविर में भाग ले सकते है।

## मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत बिखरने से बचाकर एक परिवार में लौटाई खुशियां

अमन लेखनी समाचार



महोबा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन पर पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में परिवार परामर्श केन्द्र कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी महिला थाना प्रभा पाण्डेय की अध्यक्षता में समस्त सदस्यगणों की उपस्थिति में आयोजित किया गया जिसमें पति-पत्नी के 6 ऐसे जोड़े जिनके बीच पारस्परिक परिवारिक विवाद चल रहा था, उनकी काउंसिलिंग की गयी एवं उनके मध्य संबंधित समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के निदान हेतु काउंसिलिंग एवं परामर्श कर उनकी समस्याओं को सुलझाया गया जिसके परिणामस्वरुप पति-पत्नी का 1 जोड़ा आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हुए हैं शेष को अगली तिथि में बुलाया गया है जनपद पुलिस एवं परिवार परामर्श केन्द्र के सदस्यों के द्वारा किये गये सफल प्रयासों की सभी के परिवारीजनों ने धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।परिवार परामर्श के दौरान प्रभारी महिला थाना प्रभा पाण्डेय, म0कां0 रेखा देवी सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर शिवकुमार गोस्वामी, रामजी गुप्ता, अंशू शिवहरे आदि सम्मानित सदस्यगणों की मौजूदगी रही।

## पंचायत उन्नति सूचकांक कार्यशाला संपन्न

### डीपीआरओ ने किया शुभारंभ

### पंचायतों से गरीबी दूर करने के लिए सरकारें कटिबद्ध - गंगवार

अमन लेखनी समाचार





भरुआ, सुमेरपुर। ब्लॉक स्तरीय पंचायत उन्नति सूचकांक पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक सभागार में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र मिश्रा ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यशाला को राज्य प्रशिक्षक विवेक गंगवार ने संबोधित करते हुए बताया कि केंद्र सरकार ने पंचायत को समृद्ध एवं सशक्त बनाने के लिए नौ बिंदुओं पर कार्य कर रही है। इसमें प्रथम बिंदु गरीबी है। जब तक पंचायत में गरीबी दूर नहीं होगी। तब तक देश समृद्ध एवं खुशहाल नहीं होगा और देश का विकास भी नहीं होगा। उन्होंने बताया कि केंद्र प्रदेश सरकारों की मदद से पंचायत को गरीबी से मुक्त कराकर उन्नत आजीविका की ओर ले जाने के लिए कार्य कर रही है। इसी तरह स्वास्थ्य पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, पर्याप्त जल युक्त पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाली पंचायत, सामाजिक रूप से सुरक्षित न्याय पूर्ण पंचायत, सुशासन वाली पंचायत, महिला हितैषी पंचायतें बनाने की कार्य योजना पर कार्य कर रही है। ताकि पंचायतें मजबूत होकर देश के विकास का हिस्सा बन सकें। जिला प्रशिक्षण अधिकारी विपिन कुमार ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की सरकारें पंचायत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत हैं। कार्यशाला को वरिष्ठ प्रशिक्षक विक्रम सिंह, मास्टर ट्रेनर गरिमा सिंह, जिला परियोजना प्रबंधक केडी मिश्रा ने संबोधित किया। कार्यशाला में ब्लॉक कार्यालय में तैनात सभी एडीओ, पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा संगिनी मौजूद रही।

## पशुवाड़े में जानवरों को भूसा डालने गई महिला को साँप ने काटा, इलाज दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



महोबा। अजनर थाना क्षेत्र के मगरिया गांव में सर्पदंश की घटना में एक महिला की मौत हो गई जिससे पूरे गाँव में कोहराम मच गया। मृतका की पहचान 45 वर्षीय काशीबाई पत्नी रामसेवक के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार काशीबाई अपने पशुवाड़े में जानवरों को भूसा डालने गई थीं। इसी दौरान उन्होंने वहां पड़े एक सिंचाई पाइप को हटाया जिसके नीचे छिपे सांप ने उन्हें डंस लिया। परिजनों ने आनन फानन में काशीबाई को पनवाड़ी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया जहाँ से चिकित्सकों ने उन्हें गंभीर स्थिति देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लेकिन दुर्भाग्यवश रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।इस दुखद घटना से गाँव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## ज्ञानेश त्रिपाठी का भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में वैज्ञानिक पद पर चैन

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर- विद्यालय के पूर्व छात्र ज्ञानेश त्रिपाठी का भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र (BARC) में वैज्ञानिक पद पर चयन होने से अपने मूल विद्यालय नागा स्वामी सरस्वती शिशु मंदिर अरतरा में वृक्षारोपण किया और विद्यालय परिवार की ओर से खुशी जाहिर करते हुए सम्मानित किया गया। वैज्ञानिक पद पर चयन होने से विद्यालय के प्रबंधक मनोज त्रिपाठी व प्रधानाचार्य ओमप्रकाश द्विवेदी ने विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं एवं बधाई दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रारम्भ से प्रतिभा के धनी और लगनशील छात्र रहा है, उसकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार खुशी प्रकट कर रहा है प्रबंध समिति के सदस्य सुबोध गुप्ता ने बैच लगा अंग वस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया वैज्ञानिक ने शिशू मंदिर में उपस्थित छात्रों को लगन के साथ शिक्षा ग्रहण करने का मंत्र दिया और दैनिक समय सारणी बनाकर पढ़ने के लिए बच्चों को गुण सिखाएं उदयराज त्रिपाठी ने बताया कि इसके पिता एक कृषक परिवार से जुड़े हुए हैं अपने बेटे की लगन और प्रतिभा को देखते हुए आगे बढ़ने के लिए हौसले बढ़ते रहे और वैज्ञानिक पद पर चयन होने से गांव में खुशी का माहौल है बधाइ देने वाले लोगो का उनके घर ताँता लगा हुआ है इस अवसर पर अखिलेश एवं विद्यालय परिवार के आचार्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक- श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक - रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### ब्लैंको की दुल्हन बनेंगी सेलेना, कपल ने शुरू की भव्य शादी की तैयारियां



हॉलीवुड की मशहूर जोड़ी सेलेना गोमेज और बेनी ब्लैंको जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। दोनों की शादी कैलिफोर्निया के मोंटेसीटो में होगी। इसके लिए कपल ने पूरी प्लानिंग भी कर ली है। दोनों की शादी दो दिन तक चलने वाला एक ग्रैंड इवेंट होगा जिसमे परिवार, करीबी दोस्त ही शिरकत करेंगे। ये स्टार कपल सितंबर माह में कैलिफोर्निया के मोंटेसीटो में शादी करने जा रहा है। खास बात ये है कि ये शादी के पूरे रिति-रिवाजों को दो दिन में पूरा किया जाएगा और इसमें इंडस्ट्री के कई चर्चित चेहरे शामिल होने वाले हैं।

पिछले कुछ महीनों से ये कपल अपनी शादी को लेकर चर्चाओं में बना हुआ है। दोनों ने पिछले साल एक दूसरे से सगाई की है। दोनों ने अपनी शादी के बारे में जय शेट्टी के पॉडकास्ट में खुलकर बात की थी। इस दौरान कपल ने अपनी मुलाकात, सगाई और शादी के प्लान को लेकर चर्चा की थी। अब खबर है कि शादी की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और निमंत्रण ईमेल के जरिए मेहमानों को भेजे जा चुके हैं।

सूत्रों के मुताबिक ये शादी किसी ग्रैंड बॉलीवुड या हॉलीवुड वेडिंग की तरह भव्य न होकर एक प्राइवेट फंक्शन होगा। दोनों चाहते हैं कि इस खास दिन पर सिर्फ उनके करीबी दोस्त और परिवार ही मौजूद हों। खास बात ये है कि मेहमानों को वीकेंड स्टे के लिए कहा गया है ताकि वो दोनों दिन शादी समारोह का हिस्सा बन सकें। सेलेना की सबसे अच्छी दोस्त कही जाने वालीं टेलर स्विफ्ट भी इस शादी में अपने पार्टनर ट्रैविस केल्सी के साथ शामिल हो सकती हैं। इसके अलावा 'ओनली मर्डर्स इन द बिल्डिंग' के को-स्टार्स और बेनी ब्लैंको के म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े दोस्त भी इस लिस्ट में शामिल हो सकते हैं।

## टॉलीवुड

### राजामौली की फिल्म में खुद स्टंट करेंगे महेश बाबू, फिल्म में होगा खास सोलो डांस नंबर भी



एसएस राजामौली की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एसएसएमबी29' को लेकर दो नए अपडेट सामने आए हैं। पहला कि इस फिल्म में महेश खुद खतरनाक स्टंट करते नजर आएंगे और दूसरा की इस फिल्म में उनके ऊपर एक खास सोलो सॉन्ग फिल्माया जाएगा।

टॉलीवुड सुपरस्टार महेश बाबू की नई फिल्म 'एसएसएमबी29' का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह एक एडवेंचर फिल्म है, जिसका निर्देशन एसएस राजामौली कर रहे हैं। इसमें प्रियंका चोपड़ा जोनस और पृथ्वीराज सुकुमारन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म को लेकर दो और नई अपडेट सामने आई हैं।

महेश बाबू की फिल्म 'एसएसएमबी29' को लेकर दो रोमांचक जानकारी सामने आई है। पहली, वे इस फिल्म में अपने खतरनाक स्टंट खुद करेंगे, जैसा कि वे अपनी फिल्मों में पहले भी कर चुके हैं। दूसरी, राजामौली ने महेश के लिए एक शानदार सोलो डांस नंबर प्लान किया है, जिसमें वे एक नए अवतार में नजर आएंगे।

फिल्म 'एसएसएमबी29' का अगला एक्शन से भरपूर शेड्यूल पहले केन्या में होने वाला था, लेकिन वहां की परिस्थितियों के कारण इसे रद्द कर दिया गया। अब टीम दक्षिण अफ्रीका या फिर तंजानिया में शूटिंग की योजना बना रही है। एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही 'एसएसएमबी29' में महेश बाबू, प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज सुकुमारन लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 2027 में रिलीज हो सकती है। महेश बाबू इन दिनों एसएस राजामौली की फिल्म 'एसएसएमबी29' की शूटिंग में बिजी है। इस फिल्म के अलावा कथित तौर पर महेश निर्देशक बुची बाबू सना के साथ एक नया प्रोजेक्ट शुरू करने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बुची बाबू सना ने महेश बाबू को अपनी फिल्म की स्क्रिप्ट भी सुना दी है, जिसे एक्टर ने काफी पसंद भी किया। ये एक पैन-इंडिया फिल्म होगी, जो तेलुगु के साथ-साथ हिंदी और दूसरी भाषाओं में भी रिलीज होगी।

## भोजपुरी

### एक साथ तीन फिल्मों का हुआ मुहूर्त



बिहार की सांस्कृतिक राजधानी मुजफ्फरपुर की धरती भी अब फिल्म निर्माण के क्षेत्र में उर्वरा हो रही है। मुजफ्फरपुर के निर्देशक इब्रान खान के निर्देशन में एक साथ तीन भोजपुरी फिल्म की शूटिंग बिहार के विभिन्न लोकेशन पर होगी। तीनों फिल्म की शूटिंग ₹रोयल कांसेप्ट₹ एवं ₹सूर्वयांश फिल्म प्रोडक्शन₹ के बैनर तले होगी। फिल्म ₹मोहब्बत के मुसाफिर₹ ₹जख्मी जान₹ और ₹कलह₹ के लेखक अमीर हमजा हैं। फिल्म के निर्देशक इब्रान खान ने बताया कि तीनों फिल्म का कॉन्सेप्ट बिलकुल यूनिक है जो दर्शकों को भोजपुरी में इससे पहले इस तरह की फिल्म देखने को नहीं मिली होगी। फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर प्रवीण सोनी ने बताया कि फिल्म के सारे गीत बहुत ही शानदार है।

इस बैनर से जुड़कर काम करने में काफी आनंद की अनुभूति हो रही है।। इस फिल्म में नए कलाकार के साथ साथ कुछ नामचीन कलाकार में काम करते हुए नजर आएंगे।। भव्य मुहूर्त कालिका मूवीज स्टूडियो में सम्पूर्ण हुआ। मुहूर्त के समय अभिनेता प्रिंस सिंह राणा, ऋषि, पिकेश ताव्या, प्रवीण सोनी, डी जे राजा, अमीर हमजा, इब्रान खान एवम अन्य कलाकार उपस्थित थे।

## कॉलेज फैशन के रंग

लाइफ स्टाइल



इन दिनों कॉलेज स्टूडेंट ट्रेंडिंग फैशन स्टाइल को लेकर बेहद गंभीर हैं। कुछ प्रमुख रुझानों में एथलीज़र, ओवरसाइज़्ड फ़िट्स और वाई2के स्टाइल्स की वापसी शामिल है। विशेष रूप से डेनिम और बोल्ड एक्सेसरीज़ पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। स्थायित्व भी एक बढ़ता हुआ कारक है, जिसमें थ्रिफ्टिंग और टिकाऊ डेनिम की लोकप्रियता बढ़ रही है।

## सावन में बिना मेहंदी के भी संवारे अपने हाथ

सावन आ गया है और अब तक मेहंदी नहीं लगा सकी हैं तो कुछ घरेलू उपाय हैं, जो आपके हाथों को सुंदरता और त्योहारी लुक दे सकते हैं। सावन में झटपट हथेलियों में मेहंदी जैसा निखार लाने के लिए कुछ आसान तरीकों को अपनाएं ताकि समय की कमी के बाद भी आप सावन स्पेशल स्टाइल को अपना सकें।

सावन का महीना आते ही हर तरफ हरियाली और भक्ति का माहौल बन जाता है। यह महीना खासतौर पर महिलाओं के लिए होता है, जिसमें वह हरे रंग के परिधान पहनती हैं। 16 श्रृंगार करके संजती-संवरती हैं और हाथों में मेहंदी रचाती हैं। हालांकि अगर अपनी व्यस्त जीवनशैली के चलते अब तक आपको मेहंदी लगाने का समय नहीं मिल सका है तो भी आप अपने हाथों की सुंदरता को निखार सकती हैं। इसके लिए कुछ घरेलू उपाय हैं, जो आपके हाथों को सुंदर और त्योहारी लुक दे सकते हैं। सावन में झटपट हथेलियों में मेहंदी जैसा निखार लाने के लिए कुछ आसान तरीकों को अपनाएं ताकि समय की कमी के बाद भी आप सावन स्पेशल स्टाइल को अपना सकें। यहां जानिए,सावन में हाथ सुंदर दिखाने के आसान तरीके।

### सिर्फ उंगलियों में मेहंदी लगाएं

अगर आपके पास मेहंदी लगाने का पर्याप्त समय नहीं है तो ऐसी डिजाइन लगाएं जो झटपट लग जाए। आप सिर्फ अपनी उंगलियों के पोर को मेहंदी से भर सकते हैं। या ऐसी कई सुंदर मेहंदी डिजाइन हैं जो सिर्फ उंगलियों में लगाकर पूरे हाथ की खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं।

हरी चूड़ियां अगर आप सावन में मेहंदी नहीं ला पा रही हैं तो अपने हाथों को त्योहार के मुताबिक सजाने के लिए हरे रंग की चूड़ियां पहनें। सावन



में इस रंग की चूड़ियां आपकी कलाइयों को अधिक आकर्षक बना देंगी।

### नेल पेंट

हाथों की सुंदरता को नेल पेंट या मिनी नेट आर्ट से बढ़ा सकते हैं। एक सॉफ्ट या ब्राइट कलर की नेल पॉलिश हाथों को आकर्षक बना देती है। थोड़ा सा ग्लिटर या मिनी आर्ट लुक में चार चांद लगा सकता है।

### मेहंदी स्टिकर्स

मेहंदी डिजाइन लगाने, हिना सुखाने और रंग चढ़ने तक का वक्त आपके पास नहीं है तो पांच मिनट में मेहंदी लगाकर रंगत ला सकते हैं। इसके लिए अब बाजार में मेहंदी स्टीकर्स आने लगे हैं। अगर समय नहीं है तो 5 मिनट में लगाने वाले हिना स्टिकर या टेटू भी एक अच्छा विकल्प हैं।

## मानसून में साड़ी की कुछ खास डिजाइन जीत लेगी आपका दिल



बारिश का मौसम शुरू हो गया है और ऐसे मौसम में अधिकतर महिलाएं आरामदायक और हलके कपडे पहनना ज्यादा पसंद करती हैं। अगर आप भी उन्हीं महिलाओं में से एक हैं, तो ये खबर आपके लिए खास हो सकती हैं। आज हम आपको इस सीजन में पहनने के लिए कुछ ऐसे साड़ी के कलेक्शन बताएंगे, जिन्हें ट्राई कर आप बला की खूबसूरत लग सकती हैं।



### लाइट पिंक प्योर लिनन

अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए और मानसून में आरामदायक लुक पाने के लिए अगर आप भी साड़ी तलाश रही हैं, तो आपके लिए यह लाइट पिंक प्योर लिनन साड़ी बेस्ट हो सकती हैं। ऐसी साड़ी को आप मार्केट जाकर अपने लिए खरीद सकती हैं। या ऑनलाइन भी आर्डर कर सकती हैं। यह साड़ी आपको स्टाइलिश लुक देने के साथ साथ आपको कम्फर्ट लुक देने में भी मदद करेगी।



### लाइट ग्रीन वोवेन लिनन

मानसून सीजन में स्टाइल करने के लिए आप लेटेस्ट साड़ी डिजाइन देख रही हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। आप इस खूबसूरत लाइट ग्रीन वोवेन लिनन साड़ी को ट्राई कर सकती हैं और अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं। अधिकतर महिलाएं बरसात के मौसम में इस तरह की साड़ी पहनना पसंद करती हैं। ऐसे में आपके लिए ये बेस्ट हो सकती हैं।

### शिबोरी लिनन

बारिश के मौसम में उमस होना एक आम बात है, लेकिन ऐसी उमस में रोजाना अलग अलग ऑउटफिट पहनकर ऑफिस या कॉलेज जानें में अधिकतर वर्किंग वीमेन को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में अब आप इस खूबसूरत शिबोरी लिनन साड़ी को भी ट्राई कर सकती हैं।

## इस स्क्रब से आप भी कर सकती हैं डार्क एल्बो को कम

महिलाएं न सिर्फ अपने चेहरे की खूबसूरती बल्कि हर छोटी-छोटी चीजों का बहुत ध्यान रखती हैं। ऐसे में अधिकतर महिलाएं कोहनी के कालेपन की वजह से काफी परेशान रहती है। अगर आप भी कोहनी पर जमी टैनिंग और गंदगी को कम करना चाहती है, तो ब्यूटी एक्सपर्ट के बताएं कुछ आसान उपाय को आजमा सकती हैं। इन उपाय को कर आप राहत पा सकती हैं।



### टैनिंग रिमूवल स्क्रब

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा के मुताबिक कोहनी पर जमा कालापन शर्मिंदगी का कारण बन सकता है, जिसकी वजह से अधिकतर महिलाएं परेशान रहती हैं। लेकिन अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप घर पर रहकर एक खास स्क्रब तैयार कर इससे छुटकारा पा सकती हैं। स्क्रब बनाने के लिए आपको शहद,ओट्स,चीनी और नींबू का रस जैसी कुछ सामग्री की जरूरत लगेगी।

### टैनिंग रिमूवल स्क्रब बनाने का तरीका

कोहनी के कालेपन को कम करने के लिए अगर आप भी घर पर स्क्रब बनाने का सोच रही हैं, तो इसे बनाने के लिए सबसे पहले आप ओट्स को मिक्सर या ब्लेंडर की मदद से पीस लें। ध्यान रहे आपको इन्हें ज्यादा बारीक आते जैसा नहीं करना है। आप इसे दरदरा रखें। अब आप ओट्स को पीसकर एक कंटेनर में इसे निकाल लें, अब इसमें दो बड़े चम्मच शहद, दो चम्मच चीनी और नींबू का रस मिला दे। अब इस पेस्ट को अच्छी तरह फेंट ले। अब आपका स्क्रब बनकर तैयार है, आप इसे कोहनी पर लगाने से पहले अपनी कोहनी को अच्छी तरह पानी से धो लें, उसके बाद इसे लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें। इस स्क्रब का आप एक हफ्ते में दो बार इस्तेमाल कर सकती है। यही नहीं आप चाहे तो इसे कोहनी पर लगाने के साथ-साथ अपने घुटने पर भी लगा सकती हैं। यह स्क्रब घुटने से भी टैनिंग हटाने में मदद करेगा।

## स्टाइलिश लुक के लिए खास इयररिंग्स



इयररिंग्स आपके लुक में नई जान डालने का काम करते हैं, और साथ ही, आपके लुक को स्टाइलिश और ब्यूटीफुल भी बनाते हैं। इसलिए आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले इयररिंग्स पर नजर डालनी चाहिए। इस तरह के इयररिंग्स ऑफिस में आपको प्रोफेशनल लुक देने का काम करेंगे, साथ ही, अगर आप इन्हें पार्टी में पहनती हैं, तो ये आपके लुक में चार चांद लगा देंगे।

### पर्ल इयररिंग्स

डार्क कलर के आउटफिट में स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह के पर्ल इयररिंग्स पहन सकती हैं। ये इयररिंग्स फ्लावर डिजाइन में हैं और इन्हें स्टाइल करने के बाद आपका लुक सुंदर नजर आएगा। ये इयररिंग्स आप किसी पार्टी में शामिल होने के दौरान पहन सकती हैं और ये आपको 200 रुपये तक की कीमत में आसानी से मिल सकते हैं।

### अलॉय डिजाइन इयररिंग्स

पर्ल वर्क में आप इस तरह के अलॉय डिजाइन वाले इयररिंग्स का चुनाव कर सकती हैं। ये इयररिंग्स जहाँ अलॉय डिजाइन में हैं, वहीं ये पर्ल वर्क में भी हैं। इस तरह के इयररिंग्स न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हैं और इन्हें आप लाइट और डार्क कलर के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। ये इयररिंग्स आपको आसानी से ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 200 रुपये से 300 रुपयेकी कीमत में मिल सकते हैं।

### क्यूबिक डिजाइन इयररिंग्स

अगर आप ऑफिस में साड़ी या सूट स्टाइल कर रही हैं, तो आप इस तरह के क्यूबिक डिजाइन वाले इयररिंग्स पहन सकती हैं। ये इयररिंग्स न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट हैं।

### स्टोन वर्क इयररिंग्स

पार्टी में स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह के स्टोन वर्क इयररिंग्स का चुनाव कर सकती हैं। ये स्टोन वर्क इयररिंग्स फ्लोरल डिजाइन में हैं और इन्हें स्टाइल करने के बाद आपका लुक बेहद ही सुंदर हो जाएगा।

कार्नर न्यूज

आपके लुक को क्लासी टच देंगे कुछ चुनिंदा हेयर स्टाइल

## अपने लुक को बनाना है क्लासी तो इन हेयर स्टाइल से लें इंस्पिरेशन, महफिल की रौनक बन जाएंगी आप

ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए जहां महिलाएं बेस्ट आउटफिट का चुनाव करती हैं, तो वहीं परफेक्ट हेयर स्टाइल भी आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करता है। अगर आप अपने लुक को क्लासी टच देना चाहती हैं, तो आप एक्ट्रेसेस के हेयर स्टाइल से इंस्पिरेशन ले सकती हैं। ये हेयर स्टाइल्स आप किसी पार्टी या किसी खास इवेंट में शामिल होने के दौरान बना सकती हैं। वहीं, इन हेयर स्टाइल्स में आपका लुक बेहद ही अलग और सुंदर नजर आएगा। हम आपको एक्ट्रेसेस के कुछ ऐसे हेयर स्टाइल दिखा रहे हैं, जो आपके लुक को क्लासी और नया लुक देने का काम करेंगे।

### साइड-स्वेप्ट हेयर स्टाइल

साड़ी में क्लासी लुक पाने के लिए आप एक्ट्रेस अनन्या पांडे के हेयर स्टाइल से इंस्पिरेशन ले सकती हैं। एक्ट्रेस ने साइड-स्वेप्ट हेयर स्टाइल बनाया है और इसमें उनका लुक बेहद ही सुंदर और स्टाइलिश नजर आ रहा है। इस तरह के हेयर स्टाइल को बनाने के लिए आप बालों को पीछे की तरफ खींचकर ऊपर करके



ओर इकट्ठा करके बांध लें। इसके बाद आगे की तरफ कुछ बालों को वेव या कर्ल करके ब्यूटीफुल लुक पाएं।

### इस तरह बनाएं ये हेयर स्टाइल

सबसे पहले बालों को दाएं या बाएं किसी भी तरफ साइड पार्ट करें।इसके बाद पिन की मदद से अच्छी तरह सेट करें। आगे आए हुए बालों को फ्लैट आयरन की मदद से स्ट्रेट करें।इसके साथ आप हेयर क्लिप या फ्लोरल पिन एक्सेसरीज भी लगा सकती हैं।

### वेवी हेयर स्टाइल

अगर आप किसी इवेंट या पार्टी में शामिल हो रही हैं और इस दौरान साड़ी या ड्रेस पहन रही हैं, तो आप एक्ट्रेस मेधा शंकर की तरह वेवी हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इस तरह का हेयर स्टाइल आपके लुक को स्टाइलिश और क्लासी टच देने का काम करेगा और इसे बनाने के बाद आपका लुक सुंदर भी नजर आएगा।

### इस तरह बनाएं ये हेयर स्टाइल

बालों को 3-4 सेक्शन में बांटें और इसके बाद कर्लिंग आयरन की मदद से हल्के कर्ल बनाएं।इसके बाद आप हाथों से हल्के से कर्ल्स को खोल दें। क्लासी लुक के लिए कुछ बेहतरीन हेयरस्टाइल्स में फ्रेंच ट्विस्ट, स्लीक बन, साइड पार्टेड वेव्स, और ब्रेडेड बन शामिल हैं। ये हेयरस्टाइल्स न केवल स्टाइलिश हैं, बल्कि इन्हें बनाना भी अपेक्षाकृत आसान है।

**फ्रेंच ट्विस्ट:** यह एक क्लासिक और एलिगेंट हेयरस्टाइल है जो किसी भी अवसर के लिए उपयुक्त है। इसे बनाने के लिए, बालों को एक तरफ करके ट्विस्ट करें और बॉबी पिन से सिक्योर करें।

**स्लीक बन:** एक स्लीक बन एक और शानदार विकल्प है। इसे बनाने के लिए, बालों को कंघी करके पीछे की तरफ बांध लें और फिर एक बन बना लें। आप इसे अपनी पसंद के अनुसार हाई या लो बना सकते हैं।

**साइड पार्टेड वेव्स:** साइड पार्टेड वेव्स एक फैशनेबल और ट्रेंडी हेयरस्टाइल है। इसे बनाने के लिए, बालों को एक तरफ करके कंघी करें और फिर वेव्स बनाएं। आप वेव्स को कर्लर या स्ट्रेटनर से बना सकते हैं।

**ब्रेडेड बन:** ब्रेडेड बन एक और स्टाइलिश विकल्प है। इसे बनाने के लिए, बालों को ब्रेड करें और फिर उसे एक बन में लपेट लें। आप एक फ्रेंच ब्रेड या एक सिंपल ब्रेड का उपयोग कर सकते हैं।

**चेहरे का आकार:** अपने चेहरे के आकार के अनुसार हेयरस्टाइल चुनें। उदाहरण के लिए, यदि आपका चेहरा गोल है, तो आप ऐसे हेयरस्टाइल चुन सकते हैं जो आपके चेहरे को लंबा दिखाए, जैसे कि साइड-स्वेप्ट बैंग्स या लंबे, स्तरित कट। अपने बालों के प्रकार के अनुसार हेयरस्टाइल चुनें। यदि आपके बाल सीधे हैं, तो आप वेव्स या कर्ल्स बना सकते हैं।